●वर्ष : 16 ●अंक : 176 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

सोमवार 14 अक्टूबर 2024






# बहराइच में दुर्गा विसर्जन के दौरान हिंसा, एक की मौत

## 6 पुलिसकर्मी सस्पेंड; सीएम योगी बोले- माहौल बिगाड़ने वाले नहीं बचेंगे

नूना न्यूज एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान बवाल हो गया. जुलूस के दौरान कुछ लोगों ने नारे लगाए. इसके बाद एक समुदाय विशेष के लोगों ने पथराव और फायरिंग कर दी. फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई, जिसने तनाव को और बढ़ा दिया. इस दौरान भगदड़ में कई लोग घायल भी हो गए. घटना के बाद हिंदूवादी संगठनों ने जिले में जगह-जगह प्रतिमा विसर्जन रोककर प्रदर्शन शुरू कर दिया है. घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। बहराइच की पुलिस अधीक्षक ने लापरवाही बरतने के आरोप में थानाध्यक्ष हरदी और महसी पुलिस चौकी इंचार्ज सहित आधा दर्जन पुलिस वालों को निलंबित कर दिया है। बहराइच में तनाव लगातार बढ़ता ही जा रहा है, महाराजगंज में करीब तीन किलोमीटर आगे सड़क पर कुछ लोग विरोध जताने के लिए आगजनी करके भाग गए. पुलिस मौके पर है और दमकलकर्मी आग बुझाने में लगे हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना को लेकर कहा कि बहराइच के महसी में माहौल बिगाड़ने वाले बचेंगे नहीं. सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि उपद्रवियों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करें. साथ ही अधिकारियों को कहा कि प्रतिमा विसर्जन जारी रहना चाहिए, धार्मिक संगठनों से संवाद कर समय से प्रतिमा विसर्जन कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी को सुरक्षा की गारंटी देने के लिए प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहें. जिनकी लापरवाही से यह घटना हुई है, उन्हें भी चिन्हित करें। पुलिस के मुताबिक, यह घटना जिले के महसी के महाराजगंज की है. यह घटना रविवार शाम को उस वक?त हुई जब दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस में शामिल कुछ लोगों ने नारे लगाए. इसके बाद एक समुदाय विशेष के आक्रोशित लोगों ने पथराव और फायरिंग शुरू कर दी. देखते ही देखते मौके पर बवाल मच गया।

### >> फायरिंग में राम गोपाल मिश्रा की मौत

फायरिंग में 22 साल के राम गोपाल मिश्रा की मौत हो गई. गोली लगने के बाद उसे बहराइच के मेडिकल कॉलेज में लाया गया था, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. इसके बाद लोगों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। हिंसा के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव व्याप्त हो गया और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कई थानों की पुलिस को मौके पर तैनात किया गया है. अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है. स्थानीय प्रशासन ने घटना की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं और इलाके में शांति बहाल करने की कोशिश की जा रही है।

### >> दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन रोककर प्रदर्शन

घटना के विरोध में बहराइच शहर और आसपास के कस्बों कैसरगंज, फखरपुर, महसी आदि क्षेत्रों में विसर्जन के लिए निकली दुर्गा प्रतिमाओं के जुलूस को रोककर सड़क जाम कर दी गई है. घटना के बाद प्रशासन और दुर्गा पूजा महासमिति के बीच बातचीत का दौर जारी है. युवक की मौत की खबर के बाद महासमिति ने यह कदम उठाया है।

घटना के बाद करीब 20 लोगों को हिरासत में लिया गया है. यहां पर दुकानों में तोड़फोड़ हुई है और सड़क पर आगजनी करके कई वाहनों को तोड़ा गया है. पूरे इलाके में किसी को भी घर से निकलने की इजाजत नहीं है।

### >> बर्दाश्त नहीं की जाएगी हिंसा : पुलिस

पुलिस ने कहा कि किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. घटना की जानकारी मिलते ही जिले के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया. स्थानीय लोगों से बातचीत के बाद उन्होंने सभी से संयम रखने की अपील की है।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



### फिर आतंकी हमलें, सैनिकों का बलिदान व्यर्थ न जाये

लगातार जम्मू-कश्मीर में बढ़ रही आतंकी घटनाएं चिन्ता का कारण बन रही है। डोडा जिले में एक आतंकी हमले में कैप्टन समेत सेना के चार जवानों और जम्मू कश्मीर के एक पुलिसकर्मी का बलिदान अब यही दर्शा रहा है कि शांति एवं अमन की ओर लौटा जम्मू-कश्मीर एक बार फिर आतंकवादी आघातकारी घटनाओं की भेंट चढ़ रहा है, इन घटनाओं का माकुल जबाव नहीं दिया गया तो यह घाटी एक बार फिर खूनी घाटी बन जायेगी। क्योंकि कुछ ही दिनों पहले कठुआ में एक सैन्य अफसर सहित पांच जवान आतंकियों का निशाना बन गए थे। इसके पहले भी जम्मू संभाग में ही सेना के कई जवान आतंकियों से लोहा लेते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दे चुके हैं। ये बहुत चिंतित करने वाले त्रासद एवं घिनौने घटनाक्रम हैं कि पिछले कुछ समय से कश्मीर घाटी के साथ-साथ जम्मू संभाग में भी आतंकियों की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। हाल की कुछ घटनाओं से तो यह भी लगता है कि आतंकियों ने जम्मू संभाग को अपनी गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बना लिया है। एक ऐसे समय जब जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी हो रही है, तब आतंकियों का सक्रिय होना और सफलतापूर्वक अपने मनसूबों को कामयाब करना गंभीर चिंता का विषय है। ज्यादा चिन्ताजनक यह है कि पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकी न केवल घुसपैठ कर रहे हैं, बल्कि अपनी गतिविधियों को अंजाम देने और इस क्रम में सेना को निशाना बनाने में भी सफल हो रहे हैं। सरकार को उन खूनी हाथों को खोजना होगा अन्यथा खूनी हाथों में फिर खुजली आने लगेगी। हमें इस काम में पूरी शक्ति और कौशल लगाना होगा। आदमखोरों की मांद तक जाना होगा। अन्यथा हमारी खोजी एजेंसियों एवं सेना की काबिलीयत पर प्रश्नचिन्ह लग जाएगा कि कोई दो-चार व्यक्ति कभी भी पूरे प्रांत की शांति और जन-जीवन को अस्त-व्यस्त कर सकते हैं, हमारी संवेदनाओं को झकझोर सकते हैं। संवेदनाओं एवं भावनाओं को झकझोर भी रहे हैं, जब आतंकवादी हमलों में शहीद जवानों के पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटे घर की ड्योढ़ी पर आते हैं तब कारुणिक माहौल को देखकर दिल दहल उठता है क्योंकि देश के लिए अपना सर्वोच्च लुटा देने वाला जवान किसी का बेटा, किसी का पति और किसी का पिता होता है। हर आंख में आंसू होते हैं। किसी की गोद, किसी की मांग सूनी हो जाती है। देशवासी सोचने को विवश हैं।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# हरियाणा में सरकार गठन की कोशिश तेज

### >> अमित शाह और मोहन यादव को बनाया गया पर्यवेक्षक

नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** हरियाणा में बीजेपी ने सरकार गठन के तहत केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को संसदीय बोर्ड का पर्यवेक्षक बनाया है. इन दोनों पर विधायक दल का नेता



चुनने की जिम्मेदारी होगी. यह ऐलान पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने किया। हरियाणा में विधायक दल की बैठक प्रस्तावित है. इसमें दोनों नेता शामिल होंगे. इन दोनों पर प्रदेश के मुख्यमंत्री को चुनने की जिम्मेदारी होगी. सीएम मोहन यादव को पहली बार भाजपा ने किसी राज्य का पर्यवेक्षक बनाया है। भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने हरियाणा में सीएम फेस के लिए नायब सिंह सैनी के नाम पर मुहर लगा दी है. उनका मुख्यमंत्री बनना तय है. इसी साल मनोहर लाल खट्टर के इस्तीफे के बाद नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री पद की कमान सौंपी गई थी. भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव भी उन्हीं के नेतृत्व में लड़ा था। वहीं, मोहन यादव ने हरियाणा में भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार भी किया था. उन्होंने प्रदेश की पांच विधानसभा सीटों पर पार्टी के पक्ष में प्रचार किया था. इसमें से चार सीटों पर प्रत्याशी जीत का परचम लहराने में सफल हुए। सीएम मोहन यादव ने हरियाणा में कांग्रेस को मिली हार को राहुल गांधी की हार बताया था. बता दें कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने प्रदेश की कुल 90 विधानसभा सीटों में से 48 सीटों पर जीत का परचम लहराया है. जबकि, कांग्रेस ने 37 सीटों पर जीत दर्ज की है. हालांकि, शुरूआती रुझानों में कांग्रेस जीत की ओर अग्रसर थी, लेकिन बाद में भाजपा प्रदेश में सबसे बड़ी पार्टी उभरी. इस चुनाव के नतीजे में जजपा और ह्यआप' का भी सफाया हो गया।

### रामलीला में वानर बने दो कैदी हरिद्वार जेल से फरार

**हरिद्वार।** वानर सेना माता सीता की खोज के लिए निकली थी। मौका मिलते ही दोनों निर्माणाधीन हाई-सिक्योरिटी बैरक के पास पहुंचे। वहां रखी सीढ़ी के सहारे 22 फीट ऊंची दीवार फांदकर भाग गए। जेल के अफसरों को घटना का पता उस वक्त चला, जब कैदियों की गिनती हुई। इसके बाद रातभर खोजबीन हुई, लेकिन दोनों कैदियों का पता नहीं चला। घटना रोशनाबाद जेल की है। जेल 8 से 10 एकड़ में फैली है। यहां करीब 1400 कैदी बंद हैं।

### 5 साल में लॉन्च होंगे 52 जासूसी सैटेलाइट,

**चेन्नई।** भारत अगले 5 सालों में 52 जासूसी सैटेलाइट लॉन्च करेगा। इन सैटेलाइट्स का मकसद पड़ोसी देशों चीन-पाकिस्तान की गतिविधियों पर नजर रखना होगा। इससे सेना की निगरानी क्षमता में काफी बढ़ोतरी होगी। एक समाचार पत्र की रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने 7 अक्टूबर को स्पेस बेस्ड सर्विलांस प्रोग्राम के तीसरे फेज को मंजूरी दे दी है।






मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में शस्त्र-पूजन कार्यक्रम में की घोषणा

# युवाओं को रोजगार से जोड़ने देवी अहिल्याबाई के नाम से चलाया जाएगा स्किल कार्यक्रम

● इंदौर के फर्स्ट बटालियन का नामकरण देवी अहिल्याबाई के नाम से होगा

■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिये लोकमाता देवी अहिल्याबाई के नाम से स्किल प्रोग्राम चलाया जायेगा। साथ ही इंदौर के फर्स्ट बटालियन का नामकरण देवी अहिल्याबाई के नाम से होगा। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने एक हाथ में शस्त्र और दूसरे हाथ में शास्त्र लेकर नारी सशक्तिकरण, सुशासन, धर्म के प्रसार एवं सेवा के प्रकल्पों का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्हीं की प्रेरणा से आज पूरे प्रदेश में शस्त्र पूजन के कार्यक्रम पूरे प्रदेश में व्यापक जन-सहभागिता के साथ आयोजित किये गये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज लोकमाता देवी अहिल्याबाई के 300वें जन्म जयंती वर्ष और विजयादशमी के पावन पर्व पर इंदौर में शस्त्र-पूजन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने माँ कालका के साथ ही परंपरागत शस्त्र तलवार, भाला से लेकर अत्याधुनिक एके-47 सहित अन्य शस्त्रों का



दशहरे पर इंदौर में शस्त्र-पूजन करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में यह पहली बार हो रहा है जब विजयादशमी के अवसर पर पुलिस द्वारा आयोजित किए जाने वाले शस्त्र-पूजन कार्यक्रम को नई सोच, नये संकल्प के साथ पूरे प्रदेश के हर जिले में भव्य एवं व्यापक स्तर पर बड़ी जन-सहभागिता से उमंग और उल्लास से मनाया गया। यह कार्यक्रम इस वर्ष लोकमाता देवी अहिल्याबाई के 300वें जन्म जयंती वर्ष को समर्पित किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि प्रदेश में हर पर्व और त्यौहार अपार उत्साह और उल्लास के साथ व्यापक स्तर पर मनाएं जायेंगे। उन्होंने कहा कि पर्व और त्यौहारों के आयोजन के संबंध में आमजनों को इनका महत्व बताते हुए जागरूक करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के नागरिकों को दशहरे की मंगलकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हम भाग्यशाली है कि हमने लम्बे संघर्षों के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण और उसे पूरा होते हुए देखा है। इस वर्ष यह मंदिर बनने से हमारा आनंद कई गुना बढ़ गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देव स्थलों की सुरक्षा और उसके पुनर्निर्माण में अनेक विभूतियों ने अपना योगदान दिया है। इन्हीं में से एक देवी अहिल्याबाई भी है, जिन्होंने देश के लगभग हर क्षेत्र में देव स्थलों का निर्माण कराया है। देवी अहिल्याबाई ने सुशासन, सुराज, सेवा और नारी सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने हमारे सामने शस्त्र और शास्त्र का महत्व भी रखा है। देवी अहिल्याबाई का हम इस वर्ष 300वां जन्म जयंती वर्ष मना रहे हैं। यह हमारे लिये गौरव की बात है। उन्हीं से प्रेरणा लेकर हम प्रदेश का तेज गति से विकास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने औद्योगिक विकास और निवेश बढ़ाने के लिये प्रदेश में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दशहरा पर्व पर महेश्वर में शस्त्र-पूजन किया।

### वाहनों का पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर अश्व एवं वाहनों का पूजन भी किया। उन्होंने अश्व की सवारी की और वज्र वाहन का पूजन भी किया। कार्यक्रम स्थल पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। उन्होंने शस्त्रागार का अवलोकन भी किया। बालिका कु.चेतना प्रजापति ने अपने द्वारा पेंसिल स्केच से बनाया गया मुख्यमंत्री डॉ. यादव का चित्र उन्हें भेंट किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर सक्सेना ने स्वागत भाषण दिया। इंदौर के पुलिस कमिश्नर श्री राकेश गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। फर्स्ट बटालियन के बैंड ने धार्मिक गीतों-भजनों के सुमधुर वादन तथा स्वर लहरियों से पूरे कार्यक्रम स्थल को धर्ममय करते हुए उल्लास और उत्साह से सराबोर कर दिया।

# गुजरात में9 मजदूरों की मौत

एजेंसी ■ मेहसाणा

गुजरात के मेहसाणा जिले में शनिवार को टैंक खोद रहे मजदूरों पर मिट्टी गिर गई। हादसे में 9 मजदूरों की मौत हो गई। 19 साल के लड़के को जिंदा बचा लिया गया। हादसा मेहसाणा से लगभग 37 किमी दूर जासलपुर गांव के पास हुआ। पुलिस ने बताया कि जासलपुर गांव में एक फैक्ट्री के लिए कई मजदूर अंडरग्राउंड टैंक खोद रहे थे, तभी मिट्टी धंस गई। सभी 9 शव बरामद कर लिए गए हैं। स्टील आईनॉक्स स्टेनलेस प्राइवेट लिमिटेड में जब मजदूर टैंक खोद रहे थे, तब अचानक मिट्टी गिरी। हादसे के बाद जेसीबी की मदद से मिट्टी हटाई गई। मौके पर 5 एम्बुलेंस, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंची।

**प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख की मदद:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन प्रभावितों की हरसंभव मदद करेगा। प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की मदद का ऐलान किया गया है। गुजरात के मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए की मदद का ऐलान किया गया है।

### हरियाणा में दशहरे के दिन आठ लोगों की मौत

कैथल। हरियाणा के कैथल में शनिवार को दशहरे पर ऑल्टो कार नहर में गिर गई। हादसे में कार सवार 8 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक ही परिवार के 8 लोग शामिल हैं। वे कैथल के डीग गांव के रहने वाले थे। परिवार शनिवार सुबह कार से मंदिर में माथा टेकने के लिए जा रहा था। जब वे मुंदड़ी पहुंचे तो उनकी कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई।

# सैन्य प्रमुख ने असम में प्रक्षेपित किया अग्नि अस्त्र

**गोवाहाटी।** आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी ने असम के गंगटोक में पोर्टेबल मल्टी-टारगेट डेटोनेशन डिवाइस अग्नि अस्त्र लॉन्च किया। वे आर्मी कमांडर कॉन्फ्रेंस में भाग लेने आए थे। इस डिवाइस की मदद से कई टारगेट को एक साथ निशाना बनाया जा सकता है। इसे मैनुअली और रिमोटली यानी ड्रोन के जरिए टारगेट पर इंस्टॉल किया जा सकता है। इंजीनियर कोर के मेजर राजप्रसाद ने इसे बनाया है। उन्हें इस साल की शुरुआत में 19 मार्च को इसका पेटेंट मिला था। डिवाइस को डब्ल्यूईडीसी के नाम से भी जाना जाता है। अधिकारियों ने बताया कि इस डिवाइस की मदद से कमरे से लेकर छिपे बंकर तक को तबाह किया जा सकता है। एंटी-टेररिस्ट ऑपरेशनों में यह अहम भूमिका निभा सकता है।

**उद्घाटन** 11 राज्यों में 75 इंफ्रा-प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन

# भारत सबसे सुरक्षित और मजबूत देश बनेगाः राजनाथ

एजेंसी ■ कोलकाता

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार 12 अक्टूबर को सिक्किम में बनी रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कुपुप-शेराथांग रोड का वर्चुअली उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल, नगालैंड सहित 11 राज्यों के कुल 75 इंफ्रा-प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। इनमें 22 सड़कें और 51 पुल हैं। रक्षा मंत्री ने पश्चिम बंगाल के सुकना में त्रिशक्ति कोर के मुख्यालय से इन परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

ये निर्माण सीमा सड़क संगठन ने किया है। चीन सीमा और अन्य दूरदराज इलाकों में बने इन प्रोजेक्ट्स की लागत करीब 2236 करोड़ रुपये है। इससे लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश,




उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों की आवाजाही, राशन, ऑर्टिलरी जैसी चीजें पहुंचाने में आसानी होगी।

रक्षा मंत्री बोले- सोशियो-इकोनॉमिक और स्ट्रैटेजिक नजरिये से नॉर्थ-ईस्ट काफी अहम

राजनाथ सिंह ने 2024-25 के बजट में बीआरओ के लिए आवंटित 6,500 करोड़ रुपये का जिक्र करते हुए उम्मीद जताई कि यह न केवल स्ट्रैटेजिक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में योगदान देगा, बल्कि नॉर्थ-ईस्ट सहित बॉर्डर के आस-पास के इलाकों में सोशियो-इकोनॉमिक प्रोग्रेस में भी मदद करेगा। उन्होंने कहा-ये प्रोजेक्ट देश की रक्षा तैयारियां बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे। पिछले 10 सालों में हमने गांव से लेकर शहर तक सड़कों का नेटवर्क बनाया है। आने वाले समय में बॉर्डर वाले इलाकों में विकास में नए आयाम जुड़ेंगे और भारत सबसे सुरक्षित और मजबूत देशों में से एक होगा। राजनाथ ने कहा- पहले की सरकारों का मानना था कि बॉर्डर पर डेवलपमेंट का उल्टा असर प्रभाव हो सकता है, क्योंकि इसका इस्तेमाल देश के विरोधी कर सकते हैं। वहीं, मोदी सरकार ने बॉर्डर पर इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने को प्राथमिकता दी। इसका कारण है कि नॉर्थ-ईस्ट का इलाका सोशियो-इकोनॉमिक और स्ट्रैटेजिक नजरिये से अहम हैं।

### इस साल अब तक 111 प्रोजेक्ट पूरे पिछले साल 125 बनाए थे

अधिकारियों ने बताया कि पिछले पांच सालों में सीमा पर चीन के इंफ्रा प्रोजेक्ट में तेजी आने के बाद भारत ने भी अपने निर्माण की गति बढाई है। इसी के साथ इस साल बीआरओ के इंफास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की संख्या 111 हो गई। इनकी कुल लागत 3751 करोड़ रुपये है। पिछले साल बीआरओ ने 3611 करोड़ रुपये के 125 प्रोजेक्ट पूरे किये थे। इसी साल मार्च में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेला टनल का उद्घाटन किया था। वह भी इस साल पूरी हुई 111 प्रोजेक्ट्स में से एक है।

# मदरसों को दिया जाने वाला फंड बंद करें

## बाल आयोग ने की सिफारिश, कहा-इनका फोकस धार्मिक शिक्षा पर

ब्यूरो ■ नई दिल्ली

राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने सभी राज्यों को पत्र लिखकर कहा है कि मदरसों को दिया जाने वाला फंड बंद कर देना चाहिए। ये राइट-टु-एजुकेशन नियमों का पालन नहीं करते हैं। आयोग ने आस्था के संरक्षक या अधिकारों के विरोधी बच्चों के संवैधानिक अधिकार बनाम मदरसे नाम से एक रिपोर्ट तैयार करने के बाद ये सुझाव दिया है। एनसीपीसीआर ने कहा- मदरसों में पूरा फोकस धार्मिक शिक्षा पर रहता है, जिससे बच्चों को जरूरी शिक्षा नहीं मिल पाती और वे बाकी बच्चों से पिछड़ जाते हैं।



**बाल आयोग की तीन सिफारिशः** पहला मदरसों और मदरसा बोर्डों को राज्य की तरफ से दिए जाने वाले फंड को रोक दिया जाए। दूसरा सुझाव मदरसों से गैर-मुस्लिम बच्चों को हटाया जाए। संविधान के आर्टिकल 28 के मुताबिक, माता-पिता की सहमति के बिना किसी बच्चे को धार्मिक शिक्षा नहीं दी जा सकती। तीसरा सुझाव था एक संस्थान के अंदर धार्मिक और औपचारिक शिक्षा एक साथ नहीं दी जा सकती है।

बाल आयोग की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सपा नेता अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान से बनी हर चीज को यह उलटना चाहते हैं। यह वह लोग हैं जो नफरत पर राजनीति करना चाहते हैं, जो भेदभाव पर राजनीति करना चाहते हैं। यह वह लोग हैं जो धर्म-जातियों को लड़ा कर राजनीति करना चाहते हैं।

### एक्ट के खिलाफ 2012 में पहली बार दाखिल हुई थी याचिका

मदरसा एक्ट के खिलाफ सबसे पहले 2012 में दारुल उलूम वासिया मदरसा के मैनेजर सिराजुल हक ने याचिका दाखिल की थी। फिर 2014 में माइनॉरिटी वेलफेयर लखनऊ के सेक्रेटरी अब्दुल अजीज, 2019 में लखनऊ के मोहम्मद जावेद ने याचिका दायर की थी। इसके बाद 2020 में रैजुल मुस्तफा ने दो याचिकाएं दाखिल की थीं। 2023 में अंशुमान सिंह राठौर ने याचिका दायर की। सभी मामलों को नेचर एक था। इसलिए हाईकोर्ट ने सभी याचिकाओं को मर्ज कर दिया।

# राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ की टीम ने अल्लीपुर खादर गौशाला पहुंचकर किया निरीक्षण

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**




**हसनपुर।** रविवार को राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ की टीम ने विकास खंड हसनपुर के अंतर्गत आने वाली अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने पाया कि गौशाला में दफन हुए पशुओं की बदबू से पूरे क्षेत्र में बदबू का माहौल बना हुआ है गौशाला से उठ रही बदबू के कारण गांव वासियों का निकालना दूबर हो गया है, बताते चलें कि रविवार को राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष सलीम खान व जिला अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ वहां का निरीक्षण किया तथा ग्राम प्रधान से वातार्लाप किया ग्राम प्रधान ने बताया कि यह पुराना मामला है लेकिन ग्रामीणों से वार्ता करने पर ज्ञात हुआ कि यहा दो दिन पहले ही दो मृत पशुओं को दबाया गया था जिन्हें ज्यादा गहराई पर ना दबाने के कारण कुत्तों द्वारा गो वंश पशुओं के अवशेष नोच दिए गए, जिससे इस प्रकार की बदबू उत्पन्न हुई वहीं ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से मांग की है कि या तो गोवंशीय पशुओं को कहीं और दफनाया जाए या फिर काम से कम 10 फीट की गहराई पर दफनाया जाए, इस संबंध में गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के जिला अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने बताया कि गौशाला का नेतृत्व करने वाले प्रधान की लापरवाही के कारण कुत्तों द्वारा दफन गए गौ वंश पशुओं को नोचा गया है जिसके कारण क्षेत्र में बदबू उठ रही है, और बीमारी की भी आशंका है उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत जिलाधिकारी अमरोहा से की जाएगी तथा उच्च अधिकारियों को भी इससे अवगत कराया जाएगा, इस मौके पर राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष सलीम खान, जिला अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल व दिनेश, श्री राम, प्रेमवती, राजू, पूजा, मूर्ति आदि लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस पर निकला पथ संचलन, की शस्त्र पूजा

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** रविवार को नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में शस्त्र पूजा की गई एवं नगर में पथ संचलन किया गया, बताते चलें कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 27 सितंबर सन 1925 में विजयदशमी के दिन डॉक्टर केशव हेडगेवार द्वारा की गई थी इसी कारण प्रत्येक वर्ष विजयदशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्थापना दिवस मनाया जाता है और विजयदशमी होने के कारण शस्त्र पूजा भी की जाती है, इसी क्रम में उदया तिथि में आई विजयदशमी पर रविवार को नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघ संचालक दीपक कुमार पांचजन्य एवं कार्यवाहक नगर संचालक सोनू अग्रवाल के नेतृत्व में पथ संचलन निकाला गया, सर्वप्रथम नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में सभी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता पूर्ण गणवेश में दंड सहित एकत्र हुए सभी ने सर्वप्रथम पहले शस्त्र पूजा की उसके बाद पथ संचालन प्रारंभ हुआ, पद संचलन नगर के सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ हुआ जो अंबेडकर पार्क, मेंन बाजार, इंदिरा चौक, जनकपुरी, रहरा रोड, शिवाजी मार्ग, पुराना डाकघर, झकड़ी अड्डा, होली चौक, मनापुर मोहला से होता हुआ वापस सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न हुआ, वही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा निकाले गए इस पथ संचलन का व्यापारियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर-के स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी, पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, मयंक अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, संजय शर्मा, मनोज शर्मा, चंद्रपाल खड़कवंशी, विक्रम महंत, नन्हे सिंह सैनी, वीर सिंह प्रजापति, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल आदि सहित भारी संख्या में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता पूर्ण गणवेश में मौजूद रहे, उधर नगर पालिका द्वारा विशेष सफाई व्यवस्था की गई वह चूने का छिड़काव कराया गया तथा सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल मौजूद रहा ।

# भरत मिलाप का पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने किया फीता काटकर शुभारंभ

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** रविवार को नगर में श्री शिव महामंडल रामलीला समिति के तत्वाधान में भरत मिलाप का जुलूस धूमधाम के साथ निकला गया, भरत मिलाप शोभायात्रा नगर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर से प्रारंभ हुई जिसका शुभारंभ आदर्श नगर पालिका परिषद हसनपुर के अध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा भगवान गणेश की आरती कर एवं फीता काटकर किया गया, शोभायात्रा नगर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर से प्रारंभ होकर मोहल्ला मनापुर, अंबेडकर पार्क, इंदिरा चौक, शिवाजी मार्ग, रहरा रोड शिव मंदिर से वापस होती हुई शिवाला मंदिर पर जाकर संपन्न हुई, इस बीच नगर के इंदिरा चौक पर राम एवं भरत जी का मिलाप हुआ भरत मिलाप के दृश्य देखकर मौजूद श्रद्धालुओ की आंखें नम हो गई, तथा वातावरण जय श्री राम के नारों से गूंज उठा, भरत मिलाप शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया, वही नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में विशेष सफाई व्यवस्था की गई एवं चूने का छिड़काव कराया गया, वहीं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत एवं प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ शोभा यात्रा के प्रारंभ से अंत तक मौजूद रहे, शोभा यात्रा में मुख्य रूप से नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजपाल सैनी, नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी, इशांत सैनी, रामलीला समिति के अध्यक्ष पुनीत अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, वेद प्रकाश यादव, योगेंद्र शर्मा, गिरधारी लाल सैनी, जयपाल सैनी, प्रशांत शर्मा, विनोद भोज, संजय सहदेव, पंडित पप्पू गिरी, देवेंद्र शर्मा, सतवीर गिरी, संजीव शर्मा, महेश शर्मा, दामोदर शर्मा, शिवसेना के नेता अतुल अग्रवाल, भाजपा नेता अतुल गर्ग, अंकुर अग्रवाल, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, मनोज गोयल, मुकेश गोयल, संदीप गुप्ता, पंकज भटनागर, सचिन गुप्ता आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# अग्रसेन जयंती के प्रत्येक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग ले अग्रबंधु : सुमित अग्रवाल

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**




**हसनपुर।** रविवार को महाराजा अग्रसेन जयंती के कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर एक बैठक युवा अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सुमित अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई, जिसमें युवा अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सुमित अग्रवाल ने प्रत्येक अग्रबंधु से महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में हो रहे प्रत्येक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की, इस संबंध में युवा अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सुमित अग्रवाल ने बताया कि 15 अक्टूबर को नगर की अग्रवाल धर्मशाला से प्रातः 6 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी, उसके उपरांत ध्वजारोहण, हवन तथा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा, उन्होंने बताया कि दोपहर 1 बजे अग्रवाल धर्मशाला में बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, उसके उपरांत शाम 6 बजे से नगर के मैथिली गार्डन में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, एवं सामूहिक प्रतिभोज की भी व्यवस्था की गई है, युवा अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सुमित अग्रवाल ने बताया कि 16 अक्टूबर को श्याम 4 बजे से नगर में महाराजा अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा नगर के रहरा अड्डे से प्रारंभ होगी जो मुख्य बाजार होते हुए कोतवाली के पास स्थित महाराजा अग्रसेन द्वार पर जाकर संपन्न होगी, बैठक में उपस्थित सभी युवाओं से उन्होंने अग्रसेन जयंती के प्रत्येक कार्यक्रम को पूरी निष्ठा के साथ संपन्न कराने का आवाहन किया, इस मौके पर मुख्य रूप से युवा अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सुमित अग्रवाल, महामंत्री राहुल मित्तल, कोषाध्यक्ष डॉ अनुज अग्रवाल एवं शोभित गर्ग, हर्षित सिंघल, अक्षय अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, प्रखर अग्रवाल, आयुष मित्तल, प्रियांशु अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, यशु अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, श्रेय अग्रवाल, वंदन अग्रवाल, नीरज बंसल, मुदित गोयल, उमंग अग्रवाल, दिव्यांग अग्रवाल , अक्षीत अग्रवाल मयंक अग्रवाल आदि सहित युवा अग्रवाल सभा के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दबंग युवकों ने दशहरा मेले में दुकानदार को पीटा, की तोड़फोड़



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** नगर के विजयदशमी मेले में शनिवार की रात को दबंग युवकों ने पकौड़ी विक्रेता दुकानदार के साथ मारपीट कर तोड़फोड़ की एवं 10000 के करीब नगदी लूट ली, जिसकी सूचना रात को ही पीड़ित दुकानदार द्वारा पुलिस को दे दी गई थी, बताते चले की विजयदशमी के मेले में कोतवाली क्षेत्र के गांव रजोहा निवासी सेलू ने पकौड़ी एवं जलेबी की दुकान लगाई थी दुकानदार ने बताया कि शनिवार की रात्रि लगभग 8:30 बजे लगभग एक दर्जन दबंग युवको ने उसकी दुकान पर पहुंच कर नोंक झोंक की और भट्टी तोड़ दी तथा कड़ाई पलट दी और दुकानदार को जमकर पीटा, मारपीट में दुकानदार सेलू व उसका कारीगर रीशिपाल घायल हो गए, पीड़ित दुकानदार ने दबंग युवकों को पर लगभग 10000 रूपए लूट कर ले जाने का आरोप भी लगाया है, मारपीट होने से मेले में हड़कंप गया, पीड़ित दुकानदार ने रात को ही सूचना पुलिस को दे दी थी वहीं पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# बाढ़ से प्रभावित अन्नदाताओं के लिए मसीहा बनी योगी सरकार

**लखनऊ, 13 अक्टूबर:** योगी सरकार अन्नदाता किसानों की आय में वृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है तो वहीं, उन्हें होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए भी तत्पर रहती है। इसी क्रम में योगी सरकार ने प्रदेश में बाढ़ की वजह से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए इस मानसून में अब तक 163.151 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया है। योगी सरकार ने प्रदेश के बाढ़ से प्रभावित रहे 34 जिलों के 3,12,866 किसानों को मुआवजा जारी किया है। सर्वाधिक मुआवजा लखीमपुर खीरी के किसानों को दिया गया है। यहां के 1.10 लाख से अधिक किसानों को 70 करोड़ से अधिक रुपये का मुआवजा दिया गया है।

**सबसे अधिक लखीमपुर खीरी में दिया गया 70.88 करोड़ का मुआवजा**

राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के बाढ़ ग्रस्त इलाकों में क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कराया गया ताकि अन्नदाताओं को समय से मुआवजा का भुगतान किया जा सके। उन्होंने बताया कि नेपाल और पहाड़ी क्षेत्रों से छोड़े गये पानी से प्रदेश के 34 जिलों की 110989.26 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई थी। बता दें कि बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और बाढ़ से क्षतिग्रस्त 33 प्रतिशत से अधिक फसल के नुकसान पर सरकार की ओर से मुआवजा दिया जाता है। राहत आयुक्त ने बताया कि बाढ़ से 3,71,370 किसानों की फसल प्रभावित हुई। इसके सापेक्ष अब तक 3,12,866 किसानों को 163.151 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जा चुका है। इसमें सबसे अधिक लखीमपुर खीरी के 1,10,990 किसानों की फसल बाढ़ से प्रभावित हुई। इसके सापेक्ष अब तक 1,10,105 किसानों को 70.88 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। इसी तरह ललितपुर के 81,839 किसानों की फसल बाढ़ से प्रभावित हुई। इसके सापेक्ष अब तक 54,462 किसानों को 21.9 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। वहीं सिद्धार्थनगर के 30,144 किसानों की फसल बाढ़ से प्रभावित हुई। इसके सापेक्ष 29,261 किसानों को 15.41 करोड़ का मुआवजा दिया जा चुका है।

**प्रदेश के यह जिले बाढ़ से रहे प्रभावित**

सीएम योगी के निर्देश पर बाढ़ से प्रभावित अन्नदाताओं को क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा ससमय दिया गया है। इनमें अंबेडकरनगर, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बुलंदशहर, फरुर्खाबाद, गोंडा, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, कुशीनगर, मऊ, मीरजापुर, पीलीभीत, रामपुर, सहारनपुर, शाहजहांपुर, श्रावस्ती, सीतापुर और वाराणसी आदि जिले शामिल हैं। इन जिलों के बाढ़ प्रभावित 98 प्रतिशत अन्नदाताओं को अब तक क्षतिग्रस्त फसलों को मुआवजा दिया जा चुका है। शेष दो प्रतिशत अन्नदाताओं को मुआवजा देने की कार्यवाही चल रही है।

# नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाने को प्रतिबद्ध है सरकार : मुख्यमंत्री



**गोरखपुर, 12 अक्टूबर।** शारदीय नवरात्र और विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में लगातार तीन दिन आनुष्ठानिक कार्यक्रमों में अति व्यस्तता के बाद आराम करने की बजाय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता दी। गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन में सीएम योगी ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। जो लोग किन्हीं कारणों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उन्हें इसका लाभ दिलाएं। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर नागरिक के जीवन में खुशहाली लाने को प्रतिबद्ध है। सीएम योगी ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मुलाकात की। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में हर बार की भांति इस बार भी कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया और चॉकलेट गिफ्ट करते हुए प्यार व आशीर्वाद दिया।

# महाकुंभ मेला क्षेत्र में होगी 'नेत्र कुंभ' की स्थापना

**लखनऊ/प्रयागराज, 13 अक्टूबर।** योगी सरकार प्रयागराज में होने जा रहे ऐतिहासिक महाकुंभ 2025 को भव्य, दिव्य, सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए दिन रात काम कर रही है। महाकुंभ में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। इसी क्रम में मेला प्रशासन द्वारा महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों के लिए नेत्र कुंभ की स्थापना भी की जा रही है। 9 करोड़ से अधिक धनराशि से स्थापित होने वाला यह नेत्र कुंभ (नेत्र शिविर) श्रद्धालुओं को एक अस्थाई नेत्र देखभाल सुविधा प्रदान करेगा, जहां मेले के दौरान श्रद्धालुओं की दृष्टि सुधार, मोतियाबिंद सर्जरी और चश्मे का वितरण जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। नेत्र कुंभ के लिए एक बड़ी केंद्रीय इकाई मुख्य मेला क्षेत्र में स्थापित की जाएगी जो प्राथमिक नेत्र देखभाल केंद्र के रूप में कार्य करेगी।

**›› हजारों श्रद्धालुओं को मिलेगा लाभ**

महाकुंभ 2025 में रिकॉर्ड संख्या में पूरे देश और दुनिया से श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। योगी सरकार और मेला प्रशासन इन श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए अपनी ओर से शत प्रतिशत प्रयास कर रहा है। नेत्र कुंभ की स्थापना उसी दिशा में उठाया गया कदम है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 9.15 करोड़ रुपए से अधिक का बजट प्रस्तावित किया गया है। इसके माध्यम से महाकुंभ के दौरान स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की नेत्र देखभाल सुरक्षित की जा सकेगी। यदि किसी श्रद्धालु को मोतियाबिंद सर्जरी की आवश्यकता होगी तो उसका भी प्रबंध किया जाएगा। वहीं नेत्र चेकअप के साथ ही चश्मे का वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। हजारों श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिल सकेगा।

**›› नेत्र स्वास्थ्य और नियमित जांच के प्रति किया जाएगा शिक्षित**

यह नेत्र कुंभ पूरी तरह श्रद्धालुओं की पहुंच में होंगे। तीर्थयात्रियों की आसान पहुंच के लिए इसे रणनीतिक रूप से कुंभ मेला परिसर के अंदर ही स्थापित किया जाएगा। इस नेत्र कुंभ में तीर्थयात्रियों और संतों की व्यापक स्तर पर आंखों की जांच सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए शिविर में नेत्र परीक्षण के लिए आवश्यक आधुनिक उपकरणों को लगाया जाएगा। जांच के दौरान दृष्टि दोष वाले व्यक्तियों को चश्मा वितरित किया जाएगा, जबकि जिन मामलों में अधिक गंभीर समस्या पाई जाएगी वहां भागीदार अस्पतालों में मोतियाबिंद सर्जरी और अन्य आवश्यक उपचार की व्यवस्था की जाएगी। नेत्र देखभाल सेवाओं के साथ-साथ पहल का उद्देश्य लोगों को नेत्र स्वास्थ्य और नियमित जांच के महत्व को समझाना और उन्हें शिक्षित करना है।

**›› डिजिटली सुरक्षित रखा जाएगा रोगियों का डाटा**

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों की जांच के माध्यम से एकत्र किए गए नेत्र स्वास्थ्य डाटा को डिजिटली सेव किया जाएगा। इससे रोगियों की स्थिति पर नजर रखने और आवश्यकता पड़ने पर इसका फॉलोअप किया जा सकेगा और आवश्यक देखभाल प्रदान करने में मदद मिलेगी। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा। यहां पर्याप्त संख्या में नेत्र विशेषज्ञों को भी नियुक्त किया जाएगा और आवश्यक उपकरणों के साथ ही पर्याप्त मात्रा में दवाइयों की भी उपलब्धता रहेगी।

# मनचलों ने मेले में जा रही युवतियों से की छेड़छाड़, बचाने आए युवक को जमकर पीटा

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**




**हसनपुर।** शनिवार की शाम नगर में दशहरा मेला देखने आ रही युवतियों के साथ मंचलो ने छेड़छाड़ की जिसका विरोध करना एक जिसका विरोध करने पर एक युवक को मनचले युवको ने जमकर पीटा जिसमें वह घायल हो गया, वहीं घायल युवक ने मनचलों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है बताते चले कि कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगा चोली निवासी सुभाष पुत्र जयपाल शनिवार की देर श्याम हसनपुर में लगने वाले दशहरा मेले को देखने जा रहा था इस दौरान जैसे ही कारन खाल गांव के पास पुल के पास पहुंचा तो कुछ युवक वहां पर युवतीयो के साथ छेड़खानी कर रहे थे जिसका सुभाष ने विरोध किया तो मनचलो ने उसकी ही पिटाई करनी चालू कर दी जिसमें वह घायल हो गया, घायल युवक सुभाष कोतवाली पहुंचा और मनचलों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की, इस संबंध में कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है, जांच पड़ताल कर यवाही की जाएगी।

## बहराइच के महसी में माहौल बिगाड़ने वाले बचेंगे नहीं: मुख्यमंत्री



**लखनऊ, 13 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच के महसी में माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का आदेश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपद्रवियों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि प्रतिमा विसर्जन का कार्य बिना किसी रुकावट के जारी रहना चाहिए और धार्मिक संगठनों से संवाद कर समय पर प्रतिमा विसर्जन कराया जाए। उन्होंने जनता को सुरक्षा की गारंटी देते हुए प्रशासन व पुलिस अधिकारियों को घटनास्थल पर मौजदूगी सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जिनकी लापरवाही से इस प्रकार की घटना घटित हुई, उनकी पहचान की जाए और उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। उल्लेखनीय है कि बहराइच के महाराजगंज बाजार में कुछ लोगों द्वारा मूर्ति विसर्जन के दौरान पत्थरबाजी करने पर दो समुदायों के लोग आमने सामने आ गए थे। गुस्साई भीड़ ने बाजार में तोड़फोड़ की। घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।



शनिवार को पटना में दुर्गा पूजा समारोह के दौरान एक पूजा पंडाल में महिलाएं सिन्दूर खेला में भाग लेती हैं।

# धान खरीद पर उपजे विवाद को मान सरकार जिम्मेबार: बाजवा

● चंडीगढ़,

**पंजाब** भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) के उपाध्यक्ष सरदार फतेह सिंह बाजवा और प्रदेश प्रवक्ता चेतन मोहन जोशी ने कहा कि धान की खरीद को लेकर बने विवाद के कारण किसानों को हो रही परेशानी एवं नुकसान के लिए आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पूर्ण रूप से जिम्मेवार है।

बाजवा और जोशी ने शनिवार को चंडीगढ़ में भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीप सिंह नकई, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य सरदार एस.एस. विर्क, प्रदेश मीडिया प्रमुख विनीत जोशी और अनीश सिदाना की उपस्थिति में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि धान की खरीद के लिये केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा हमेशा की तरह पैसे तो भेज दिये गये हैं, फिर भी अगर पंजाब सरकार खरीद सुचारु रूप से और लिफ्टिंग नहीं कर पा रही तो गलती / नालायकी पंजाब सरकार की है, न कि केंद्र सरकार की ।

उन्होंने सवाल किया कि खरीद के बाद लिफ्टिंग के लिये बोरियों / बारदाना और लिफ्टिंग के बाद बोरियों के रख-रखाव के लिये क्रेट और अन्य जरूरी व्यवस्था पंजाब सरकार नहीं कर पा रही तो जिम्मेदार केंद्र सरकार कहां है । उन्होंने कहा कि पिछले साल भगवंत मान सरकार के कहने पर किसानों ने धान के बीजों में बदलाव कर धान की 126 वैरायटी लगाई, जिसके कारण झाड / चावल की यील्ड तय मापदंडों से 10 से 12 प्रतिशत कम रही और टुकड़े की मात्रा दोगुनी हो गयी। इस कारण राइस मिलर्स को खामियाजा / करोड़ों का भारी घाटा अपनी जेब से भरना पड़ा ।




शनिवार को नई दिल्ली में श्री धार्मिक लीला समिति परेड ग्राउंड, लाल किला में राक्षस राजा रावण के पुतले को आग लगाई गई।

## सार संक्षेप

### 18 अक्टूबर को फिर से रिलीज होगी अजय देवगन की फिल्म 'सिंघम'



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की सुपरहिट फिल्म सिंघम 18 अक्टूबर को फिर से रिलीज होगी। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी अजय देवगन की सुपरहिट फिल्म 'सिंघम' वर्ष 2011 में रिलीज हुयी थी। सिंघम की सीक्वल 'सिंघम रिटर्न्स' वर्ष 2014 में रिलीज हुई थी।अब फिल्म 'सिंघम अगेन' इस वर्ष दीवाली के अवसर पर 01 नवंबर को रिलीज होने वाली है। इससे पूर्व सिंघम फिर से 18 अक्टूबर को सिनेमाघरो में रिलीज होगी। रोहित शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर फिल्म सिंघम का एक पोस्टर शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा है, दीवाली पर अपनी पूरी ताकत के साथ आने से पहले! अनुभव करें कि यह सब फिर से कैसे शुरु हुआ था। मास अगेन का फिर से अनुभव करें। फिर से एक्साइटमेंट लेवल को हाई कर लें सिंघम अगेन से पहले एक बार फिर सिंघम को थियेटर्स में देखें.. 18 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हो रही है।

### पेड़ों को काटने से रोकने के लिए पीएम को भेजेंगे 51 हजार पोस्टकार्ड

**भीलवाड़ा:** लाखों पेड़ों को काटने से रोकने के लिए भारतीय सांस्कृतिक निधि इन्टेक ने शनिवार को पोस्टकार्ड अभियान शुरू किया और इसके तहत राजस्थान से 51 हजार पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे जायेंगे। प्रसिद्ध पर्यावरणविद् एवं इन्टेक संयोजक बाबूलाल जाजू ने यह जानकारी देते हुए बताया कि देश की प्राकृतिक विरासत लाखों पेड़ों की कटाई को रोकने के लिए इन्टेक द्वारा यहां कुमुद विहार में बैठक आयोजित की गई जिसमें श्री मोदी को भीलवाड़ा से 5100 एवं प्रदेश से 51 हजार पोस्टकार्ड भेजने का शुभारंभ इन्टेक पदाधिकारी गुमान सिह पीपाड़ा, दिलीप गोयल, ओम हिगड़, देवेंद्र देराश्री, ओम सोनी, रामगोपाल अग्रवाल, विद्यासागर सुराणा, अब्बास अली बोहरा द्वारा पोस्टकार्ड लिखकर किया गया।

### कार खाई में गिरने से मां-बेटे सहित तीन की मौत, तीन घायल

**देहरादून:** उत्तराखंड के देहरादून जिले के सुदूरवर्ती थाना त्यूनी क्षेत्र में शनिवार को एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। इससे कार सवार एक मां- बेटे सहित तीन लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शनिवार को थाना त्यूणी क्षेत्र में छुमरा से त्यूणी आने वाली एक ऑल्टो कार रायगी मंदिर के पास सड़क से करीब 100 मी नीचे गिर गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि एक आल्टो कार संख्या: यूके-07-डीडी-5541 मुख्य सडक से लगभग 100 मीटर नीचे खाई में गिरी हुई थी। स्थानीय लोगों के साथ पुलिस टीम द्वारा तत्काल रेस्क्यू आपरेशन चलाते हुए कार सवार छह लोगों को कार से बाहर निकाल कर तत्काल उपचार हेतु नजदीकी चिकित्सालय पंहुचाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा तीन घायलों सौरांश (3) पुत्र उमेश, निवासी ग्राम मेघाटू, थाना त्यूणी, उपरोक्त बच्चे की मां अनीता (30) पत्नी उमेश, और सूरत राम जोशी (78) पुत्र टांगरू, निवासी ग्राम मुंदोल, थाना त्यूणी को मृत घोषित किया गया।

# 'बांग्लादेश में मंदिरों को कर रहे अपवित्र'

## बांग्लादेश सरकार हिंदुओं के पूजा स्थलों की करे सुरक्षा: भारत

● नई दिल्ली,

**बांग्लादेश** में ढाका के तांतीबाजार में पूजा मंडप पर हमले और सतखीरा में जेशोरेश्वरी काली मंदिर में चोरी की घटना पर भारत ने चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि बांग्लादेश में मंदिरों और देवी-देवताओं को अपवित्र करने की साजिश हो रही है। इन घटनाओं को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया जा रहा है। भारत ने मांग की है कि बांग्लादेश सरकार हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों की सुरक्षा करे। भारत के इन आरोपों के बीच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने ढाकेश्वरी मंदिर का दौरा किया। यहां पहुंचकर उन्होंने कहा कि हम बांग्लादेश को ऐसा देश बनाना चाहते हैं जहां सभी धर्मों के लोगों के अधिकारों की सुरक्षा हो।

वहीं, बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद से हिंदू और अल्पसंख्य समुदाय पर हमले की कई रिपोर्ट्स आई हैं। दुर्गा पूजा के दौरान ही कई मंदिरों पर हमले और चोरी हुई हैं।ढाका के तांतीबाजार में शुक्रवार रात को एक शख्स ने दुर्गा पंडाल में बम फेंका था। हालांकि बम फटा नहीं। पंडाल की सिक्योरिटी में लगे लोगों ने जब आरोपी को पकड़ने की कोशिश की तो उसे बचाने के लिए कुछ लोग आ गए। इन्होंने आरोपी को बचाने के लिए चाकूबाजी शुरू कर दी। इसमें 5 लोग घायल हो गए। बम फेंके जाने की घटना सीसीटीवी में कैद



हुई है। विवाद बढ़ने पर कोटयाली पुलिस ने कहा मामला चोरी की घटना से जुड़ा है। कोटयाली पुलिस स्टेशन के अधिकारी इनेमुल हसन ने कहा कि रात करीब 8 बजे पंडाल में कुछ चोरों ने एक महिला की चेन झपट ली थी। इसके बाद चाकूबाजी की घटना हुई। पुलिस ने कहा कि हमलावरों ने एक बोतल भी फेंकी। इसमें केरोसिन भरा था और इसे बम की तरह इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में अब तक 3 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं घायलों का ढाका के मिडफोर्ट अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने कहा कि बॉटल सिर्फ लोगों को डराने के लिए फेंकी गई थी। चोर चाहते थे कि लोग डर जाएं और उनके डर का फायदा उठाकर वे भाग जाए। दूसरी घटना बांग्लादेश के जेशोरेश्वरी मंदिर से मां काली का मुकुट चोरी हो गया। यह सोने की परत चढ़ा चांदी का मुकुट है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज 11 अक्टूबर को सामने आया। पीएम मोदी 2021 में बांग्लादेश दौरे के दौरान जेशोरेश्वरी मंदिर दर्शन के लिए गए थे।

इस दौरान उन्होंने यह मुकुट मंदिर में चढ़ाया था। इस मुकुट को स्थानीय कारीगरों ने 3 सप्ताह की मेहनत के बाद तैयार किया था। चोरी गुरुवार को दोपहर करीब 2 बजे से 2.30 बजे के बीच में हुई। मंदिर की सेवादार ने देखा कि देवी के सिर से मुकुट गायब था। इसके बाद श्यामनगर पुलिस को इसकी जानकारी दी गई।

# कुछ लोगों को अभी भी राम मंदिर खटकता है: यादव

● खरगोन,



**मध्यप्रदेश** के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा है कि कुछ लोगों को आज भी राम मंदिर अटकता और खटकता है। राम मंदिर के आयोजन को नाच गाना बताने वालों का हरियाणा ने हिसाब चुकता कर दिया।

जिले के महेश्वर में आज देवी अहिल्या की 300 वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ यादव ने कहा कि पुरानी सरकारों की बाधाओं के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशलता और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ था। हिंदू मुसलमान और सभी संप्रदायों ने जय जयकार कर इस फैसले का स्वागत किया और पूरा देश आनंद में डूब गया। उन्होंने कहा कि दंगा तो छोड़ो एक पत्थर भी कहीं से नहीं चला। यहां तक कि 70 वर्ष तक मुकदमा लड़ने वाले मुस्लिम बंधु भी इस आयोजन का हिस्सा बन भाव वि''ल थे। लेकिन दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि अभी भी कुछ लोग ऐसे हैं जिन्हें मंदिर अटकता और खटकता है। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री गांधी का नाम लिए बगैर तंज कसा कि वे वोट मांगने के नाम पर अयोध्या के इस भव्य और ऐतिहासिक आयोजन को नाच गाना बताते हैं। उन्होंने कहा जिसकी जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि। हरियाणा ने उनका हिसाब चुकता कर दिया। हम हिंदू मुसलमान को लड़ाने के हर षड्यंत्र को विफल कर देंगे। डॉ यादव ने प्रधानमंत्री के सबका साथ सबका विश्वास सबका प्रयास नारे को उल्लेखित करते हुए कहा कि देवी अहिल्या माता की तरह प्रधानमंत्री भी हर समाज को साथ में लेकर चल रहे हैं और मुझ जैसे किसान पुत्र को भी मुख्यमंत्री बना दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र की सरकार, उनके मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री धन्यवाद के पात्र हैं ।

### शिमला में भूकंप के हल्के झटके

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला जिला में शनिवार दिन में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर तीन मापी गयी। भूकम्प के झटके दोपहर बाद 3 :32 बजे कुछ सेकंड तक महसूस हुए। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक भूकंप का केंद्र शिमला के चिड×गांव इलाके के खशधार में 31.21 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 77.87 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। भूकंप की गहराई जमीन की सतह से पांच किलोमीटर नीचे दर्ज किया गया। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि भूकंप से शिमला में किसी तरह के जान-माल के नुकसान की रिपोर्ट नहीं है। शिमला में भूकंप का लगातार आना लोगों को दहशत में डाल रहा है।

### दो युवकों की गाड़ी से कुचलने से मौत

**सिरसा:** हरियाणा के सिरसा जिले में सिरसा-भादरा रोड़ पर हुए सड़क हादसा में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब दोनों युवक सिरसा के श्री सालासर धाम से डाक ध्वजा लेकर जा रहे थे। दोनों युवक, अमित डागा और मोहित, अपने एक मित्र अमित शर्मा के साथ इस यात्रा पर थे। घटना शुक्रवार रात्रि की है जब वे नेजिया के पास आठवां मील के पास पहुंचे, तभी नाथूसरी चौपटा की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार गाड़ी ने उन्हें कुचल दिया। इस दुर्घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हुए और बाद में अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। दुर्घटना को अंजाम देने वाली गाड़ी एक कांग्रेस नेता की बताई जा रही है। नाथूसरी चौपटा थाना पुलिस ने अज्ञात गाड़ी ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### गुरु दर्शन मेला में शामिल हुए साय

**रायपुर:** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शनिवार को बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में बाबा गुरू घासीदास की कर्मभूमि एवं सतनामी पंथ के संत श्री अमरदास की तपोभूमि तेलासी धाम में आयोजित गुरु दर्शन मेला में शामिल हुए। साय ने गुरु गद्दी की पूजा-अर्चना कर नमन किया और छत्तीसगढ़वासियों की खुशहाली और तरक्की के लिए कामना की। इस अवसर पर तेलासीपुरी धाम सर्वोच्च गुरु गद्दीनशीन श्री आसम दास साहेब भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल, राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा, सांसद जांजगीर चांपा श्रीमती कमलेश जांगड़े, पूर्व विधायक श्री सनम जागड़े, कलेक्टर श्री दीपक सोनी एसपी विजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में राजमहन्त,संत और श्रद्धालु गण उपस्थित थे।




शनिवार को पटना के गांधी मैदान में दशहरा समारोह के दौरान धनुष और तीर लिए हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ।

# संजौली मस्जिद पर अब पुलिस का पहरा

## एक माह बाद हटाया गया अतिक्ति पुलिस फोर्स

● शिमला,

**हिमाचल** प्रदेश की राजधानी शिमला के संजौली में मस्जिद विवाद को देखते हुए एक माह से पहरा दे रही बटालियन की अतिरिक्त पुलिस फोर्स को हटा दिया गया है। मस्जिद के अवैध निर्माण मामले में हिन्दू संगठनों के कड़े रुख के मद्देनजर यहां पुलिस का कड़ा पहरा था। प्रदेश पुलिस की विभिन्न बटालियनों से 150 के करीब पुलिस जवानों को यहां तैनात किया गया था।

इसके अलावा एएसपी स्तर के अधिकारी भी मोर्चा संभाले हुए थे। पुलिस



प्रशासन ने अब हालात सामान्य होने पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स को यहां से हटा दिया है। संजौली मस्जिद की सुरक्षा का जिम्मा अब स्थानीय पुलिस के जिम्मे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजौली में तैनात अतिरिक्त पुलिस बल को अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरे में तैनात किया गया है। कुल्लू दशहरा उत्सव का आयोजन 13 से 19 अक्टूबर तक होगा और इसमें भारी तादाद में लोग उमड़ते हैं। सैंकड़ों देवी-देवता भी कुल्लू दशहरे में पहुंचते हैं। ऐसे में दशहरा उत्सव में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के लिए संजौली में तैनात पुलिस फोर्स को कुल्लू दशहरे में बुलाया गया है। ढली थाने के प्रभारी विरोचन नेगी ने अतिरिक्त पुलिस बल को हटाने की पुष्टि करते हुए बताया कि संजौली में अब स्थानीय पुलिस का पहरा है और बटालियन से बुलाए पुलिस के जवान तैनात नहीं हैं। बता दें कि संजौली में चल रहे मस्जिद विवाद को लेकर सितंबर महीने में यहां पर हालत नाजुक बन गए थे।

गत 11 सितंबर को संजौली बाजार में हिन्दू संगठनों ने उग्र प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग तोड़कर मस्जिद स्थल के पास पहुंच गए थे। इन्हें खदेड़ने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था।

# जामनगर के नए 'राजा' होंगे क्रिकेटर अजय जडेजा



● नई दिल्ली, एजेंसी

**दशहरा** का दिन भारत के पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा के लिए झोली भरकर खुशियां लाया है. दरअसल, गुजरात के जामनगर के जाम साहब शत्रुशल्यसिंहजी जडेजा ने इस शुभ अवसर पर उन्हें अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। वह अब से गुजरात के जामनगर राजघराने के अगले जाम साहब होंगे। शत्रुशल्यसिंहजी ने एक पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि ह्यदशहरा के दिन पांडव वनवास से विजयी होकर लौटे थे। इस शुभ अवसर पर मेरी दुविधा खत्म हो गई है और मैं अजय जडेजा को अपना उत्तराधिकारी बनाने का प्रस्ताव रखता हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि वह जामनगर की जनता के लिए एक आशीर्वाद साबित होंगे और पूरी निष्ठा से उनकी सेवा करेंगे। इसके लिए मैं उनका आभारी रहूंगा।

पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा जामनगर के ही हैं और नवानगर रियासत से ताल्लुक रखते हैं। इसके अलावा वह रणजीतसिंहजी जडेजा और दलीपसिंहजी जडेजा के परिवार के आते हैं, जिनके नाम पर भारत की घरेलू रणजी ट्रॉफी और दलीप ट्रॉफी खेली जाती है। रणजीतसिंहजी जडेजा और दलीपसिंहजी क्रिकेटर होने के साथ-साथ नवानगर रियासत पर राज कर चुके हैं। इसके अलावा शत्रुशल्यसिंहजी के पिता दिग्विजयसिंहजी उनके करीबी रहे हैं। वहीं 85 साल के शत्रुशल्यसिंहजी निसंतान हैं, इसलिए उन्हें अपना वारिस चुनना था। यही सब वजह थी कि उन्होंने अजय जडेजा को अपना उत्तराधिकारी चुना।

बता दें खुद शत्रुशल्य सिंहजी क्रिकेटर रह चुके हैं। उन्होंने 1958-59 में सौराष्ट्र के लिए बॉम्बे के खिलाफ फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया था। उन्होंने 1959-60 में तीन मैच, 1961-62 में चार और 1962-63 में चार मैच खेले थे। वह इंग्लैंड की काउंटी क्रिकेट क्लब ससेक्स के लिए भी खेल चुके हैं। हालांकि, वह उन्होंने कभी टीम इंडिया के लिए नहीं खेला।

### इतने करोड़ की है संपत्ति

अजय जडेजा नवानगर के शाही परिवार से आते हैं और उनके पिता दौलत सिंह जडेजा एक राजनेता थे। वह जामनगर से तीन बार सांसद भी चुने गए थे। यानि वह पहले से ही अमीर थे। वहीं बाद में क्रिकेट ने उनकी संपत्ति पर चार चांद लगा दिए। रिपोर्ट के अनुसार, अजय जडेजा 250 करोड़ रुपये के मालिक हैं।



शनिवार को आकर्षक एवं ऐतिहासिक मैसूरु दशहरा जुलूस के दौरान विभिन्न प्रकार के लोक अपना प्रदर्शन दिखाते हुए कलाकार।

# विश्व में बढ़ती भारत की धमक

भारत की धाक दुनिया में बढ़ती ही जा रही है। हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबसे बड़े दुश्मन देश चीन के पड़ौसी देश में जाकर हुंकार भरी है। वहीं लोआस में जापान के प्रधानमंत्री शिगैरी इशूबा से मुलाकात की। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के देशों में जाकर लगातार बड़ी कूटनीति का परिचय दे रहे हैं। दुनिया में जब युद्ध की धमक चल रही है, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21वें भारत-आसियान शिखर सम्मेलन में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने भारत-आसियान के बीच समग्र साझेदारी को मजबूत करने के लिए 10 सूत्री योजना की घोषणा भी की। पीएम मोदी ने कहा कि क्षेत्रीय समूह के साथ संबंध एशिया के भविष्य को दिशा देने के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि संघर्षों और तनावों से गुजर रही दुनिया के बीच भारत-आसियान की साझेदारी दुनिया को एक नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में आसियान देशों के साथ भारत का व्यापार दोगुना होकर अब 130 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। उन्हें विश्वास है कि 21वीं सदी जिसे एशियाई सदी भी कहा जाता है, भारत की और आसियान देशों की सदी है। आसियान देशों मलेशिया, थाइलैंड, ब्रूनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, म्यांमार,फिलीपींस, वियतनाम, लाओस और सिंगापुर के राजनेता शामिल रहे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि उन्होंने 10 साल पहले 'एक्ट ईस्ट नीति' की घोषणा की थी और पिछले दशक में इसने भारत और आसियान देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को नई ऊर्जा दिशा और गति दी है। श्री मोदी ने एक्स' पर लिखा, ''भारत-आसियान शिखर सम्मेलन फलदायी रहा। हमने इस बारे में चर्चा की कि भारत तथा आसियान के बीच समग्र रणनीतिक साझेदारी को और कैसे मजबूत किया जाए। हम व्यापार संबंधों, सांस्कृतिक संबंधों और प्रौद्योगिकी, कनेक्टिविटी तथा ऐसे अन्य क्षेत्रों में सहयोग को गहरा बनाने की आशा करते हैं। भारत-आसियान साझेदारी को और मजबूत करने के लिए 10 सूत्री योजना में वर्ष 2025 को आसियान-भारत पर्यटन वर्ष के रूप में मनाना, नालंदा विश्वविद्यालय में छात्रवृत्तियों की संख्या को दोगुना करना और भारत में कृषि विश्वविद्यालयों में आसियान छात्रों के लिए नए अनुदान प्रदान करना शामिल है। प्रधानमंत्री ने 'एक्ट ईस्ट' नीति के एक दशक पूरा होने पर अनेक जन केंद्रित गतिविधियों की घोषणा की जिनमें युवा सम्मेलन, स्टार्टअप उत्सव, 'हैकाथन', संगीत उत्सव, आसियान-भारत नेटवर्क ऑफ थिंक टैंक और दिल्ली संवाद शामिल हैं। उन्होंने आसियान-भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विकास कोष के तहत आसियान-भारत महिला वैज्ञानिक सम्मेलन के आयोजन की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि भारत आपदाओं से निपटने के लिए जुझारूपन का विस्तार करने के वास्ते 50 लाख डॉलर उपलब्ध कराएगा। प्रधानमंत्री ने आसियान नेताओं को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में शामिल होने का भी आव्हान किया। भारत-आसियान शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब क्षेत्र में दक्षिण चीन सागर में समुद्री मुद्दों को लेकर फिलीपींस और चीन के बीच तनाव है तथा म्यांमार में संकट है, जहां जातीय समूह सैन्य शासन से संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा 'भारत-आसियान मैत्री समन्वय वार्ता और सहयोग ऐसे समय में बहुत महत्वपूर्ण है, जब विश्व के कई हिस्से संघर्ष और तनाव का सामना कर रहे हैं।

विजयादशमी पर्व पर विशेष



शाहीन सबा

# अनाचार के अंत का पर्व विजयादशमी

किसी भी समाज के विकास में नेतृत्व की विशेष भूमिका होती है। नेतृत्व के प्रतिमानों की भारतीय परम्परा में श्रीराम एक ऐसे प्रजावत्सल और पराक्रमी शासक के रूप में प्रतिष्ठित हैं जो नैतिक मानदंडों के लिए पूरी तरह से समर्पित है और उनकी रक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ता। उनके रामराज्य की छवि इसलिए प्रसिद्ध और लोकप्रिय है कि उसमें आमजन को किसी भी तरह के ताप या कष्ट नहीं अनुभव करने पड़ते थे न भौतिक, दैहिक न दैविक। यदि आज की शब्दावली में कहें तो 'जीवन की गुणवत्ता' उच्च स्तर की थी और 'मानव विकास सूचकांक' भी आदर्श था। लोग सुखी और समृद्ध थे। श्रीराम लोक-जीवन के प्रति संवेदनशील थे और लोक हित ही उनका सर्वोपरि सरोकार था। उनको अपना नेता पाकर सभी धन्य थे। ऐसे नेतृत्व प्रदान करने में सक्षम श्रीराम जीवन के प्रारंभ से ही एक तपस्वी की भांति साधना कर रहे थे। उनको लम्बे कंटकाकीर्ण जीवन-पथ पर चलना पड़ा, दुःख झेलने पड़े थे और बड़ी जीवट के साथ बहुत कुछ सहन करते हुए अपने में प्रतिरोध की क्षमता भी विकसित करनी पड़ी थी। वे राजपुत्र थे और वह भी सबमें ज्येष्ठ। ऐसा होने पर भी उन्हें किसी तरह की छूट नहीं थी उल्टे विधि का विधान कुछ ऐसा हुआ कि युवा श्रीराम को राजपाट मिलते मिलते रह गया। सिंहासन की जगह अनिश्चित जीवन जीने के लिए चौदह वर्षों के लिए लम्बे वनवास को जाना पड़ा। उस अवधि में श्रीराम को जीवन की कठोर वास्तविकताओं से और चुनौतियों से जूझना पड़ा।

श्रीराम ने जीवन में आने वाले सभी विपर्ययों को सहजता से स्वीकार किया और अपने मन में किसी के प्रति कुंठा या क्षोभ का भाव नहीं पाला। ये अनुभव उनको परिपक्व करने वाले सिद्ध हुए। श्रीराम की निर्मिति में उनके वनवासी जीवन के अनुभव की खास भूमिका रही। इस बीच वे विभिन्न वर्गों के लोगों से मिले, भिन्न-भिन्न परिस्थितियों में किस्म-किस्म की कठिनाइयों को झेला। ईर्ष्या, विश्वास, प्रतिस्पर्धा, प्रेम, घृणा, मैत्री, क्षमा और विनयशीलता आदि के मनोभावों और रिश्तों नातों का प्रत्यक्ष अनुभव करते हुए उन्होंने मनुष्य जीवन में होने वाले उतार-चढ़ाव का अर्थ समझा। अनेक मित्र बनाए और राज-काज की बारीकियों का अभ्यास भी किया। उनको मनुष्य जीवन की सीमाओं और संभावनाओं को पहचानने का और सीखने का अवसर मिला। मित्र, शत्रु, गुरु, भ्राता, पत्नी सबकी भूमिकाओं को देखते-परखते श्रीराम को भांति-भांति के निर्णय भी लेने पड़े और अपनी शक्ति



और क्षमता को संवर्धित करते रहना पड़ा। दूसरे अर्थों में सतत चौकसी के साथ अपना मार्ग स्वयं बनाना पड़ा। समूहों से जोड़ना और जुड़ना उनकी जीवन यात्रा का मुख्य उपक्रम था। इसकी परिणति राम-रावण युद्ध में हुई और प्रतापी पर अहंकारी रावण परास्त हुआ। उसका कुल नष्ट हुआ और उसकी स्वर्णजड़ित लंका को भी अपार क्षति हुई। श्रीराम की विजय जन-जन के उल्लास का विषय बन गया। विजयादशमी का पर्व उसी उल्लास की अभिव्यक्ति है।

आज राम की विजय रावण दहन से जुड़ गई है और उस दिन राम के पराक्रम का स्मरण कर लोग आनंदित होते हैं। यह क्षण रोमांचकारी होता है और सबको प्रतिवर्ष प्रतीक्षा भी रहती है। भक्ति भाव के साथ ही यह भाव भी मन में रहता है कि दुराचार और अनाचार भी रावण के पुतले के दहन के साथ समाप्त हो जाता है। पर हम सब साक्षी हैं जीवन की परिस्थितियों के बीच नकारात्मक शक्तियां सिर उठाती रहती हैं। वस्तुतः रावण का विनाश श्रीराम की लोक यात्रा का एक मुख्य प्रस्थान बिंदु है जहां से यात्रा का नया अध्याय शुरू होता है। स्मरणीय है कि रावण पर विजय पाने के बाद श्रीराम को लोक-कल्याण के लक्ष्य भेदने थे और उसके लिए वे लगे रहे। यह कार्य सुगम था परंतु राजा राम ने शासन जिस तरह उसे ग्रहण किया और कुशलतापूर्वक संपन्न किया वह सबके मन में बस गया और सुशासन का प्रतिमान हो गया। श्रीराम के जीवन का एक बड़ा महत्वपूर्ण अध्याय उनके लोक संग्रह के कार्य से जुड़ा है। शासन से जुड़ कर लोक जीवन को श्रेष्ठ बनाने और सामाजिक उन्नति के लिए उनका सक्रिय और कर्मठ जीवन समाज और देश के लिए प्रेरक बन गया।

वस्तुतः समाज की विशिष्ट संस्कृति के अनुकूल नायक और नेतृत्व की अवधारणा सहज में प्रेरक होती है। जीवन के हर क्षेत्र में जनता नेतृत्व की ओर उन्मुख रहती है जैसा कि इस प्रचलित उक्ति में व्यक्त है - महाजनो येन गत स पंथा। श्रेष्ठ जन शेष के लिए मार्ग दर्शक जैसा होता है और उसी के अनुरूप चलता है। श्रीमद्‌भगवदगीता का यह विचार इसी तथ्य कि ओर संकेत करता है- यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जन। सयत्प्रमाणम् कुरुते लोकस्तदनुवर्तते ॥ ( गीता 3-21 ) श्रेष्ठ मनुष्य जो-जो आचरण करता है , दूसरे मनुष्य वैसा-वैसा आचरण करते हैं। वह जो कुछ प्रमाण कर देता है , दूसरे मनुष्य उसी के अनुसार आचरण करते हैं। यह तथ्य कि नेतृत्व गुणों और नेतृत्व की प्रक्रियाएं प्रत्येक संगठन के संचालन के लिए अपरिहार्य हैं यह संगठनों के अध्ययन में अनेकश प्रतिपादित की जाती रही हैं। आधुनिक प्रबंध विज्ञान का यह एक प्रमुख प्रश्न है जिस पर शोध की प्रमुख परम्परा विकसित हुई है। बीसवीं सदी के पूर्वार्द्ध में पश्चिमी जगत में अनुसंधान और विचार विमर्श की पहल शुरू हुई और व्यक्ति , परिस्थिति और उनके बीच की अंत क्रिया को केंद्र में रख कर नेतृत्व के माडल , सिद्धांत और प्रशिक्षण के उपाय ढूंढे गए। जापान की सांस्कृतिक संवेदना भिन्न थी और वहां उसका उपयोग कर भिन्न नेतृत्व शैली अपनाई गई। उसके बड़े सार्थक परिणाम पाए गए। वहां की उत्पादकता और आर्थिक उन्नति आश्चर्यजनक ढंग से दर्ज हुई है। क्षरणशील परिस्थितिकी और असुरक्षा और महायुद्ध की विभीषिका सहने के बाद वहां की असाधारण उन्नति चकित करने वाली है।

भारतीय सांस्कृतिक परम्परायें और पारिस्थितिकी भिन्न प्रकार की है। सत्य और शील से युक्त आचारसंपन्न श्रीराम का नेतृत्व नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि प्रतिष्ठित करता है। विजयादशमी की सार्थकता उन मूल्यों का स्मरण करने और जीवन में प्रतिष्ठित करने में है। आज के कठिन समय में लोक कल्याण के साथ प्रतिबद्धता की जगह मात्र स्वार्थ सिद्ध करने के लिए राजनीति आम बात हो गई है। यह किसी भी तरह श्रेयस्कर नहीं है।आज हर कदम पर राजनीति (आमतौर पर) भरोसे को तोड़ने वाली हो रही है और राजनीतिज्ञ अविश्वसनीय क्योंकि वह ज्यादातर असत्य का सहारा के रहा है। उसे भूल गया है कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख होता है। उसे देश और समाज का ख्याल भी नहीं रहता और अपने स्वार्थ के लिए तर्क गढ़ता है और अपने को सुरक्षा देते रहने की कोशिश करता है। विजयादशमी का पर्व अपनी कमजोरियों पर विजय के लिए भी आमंत्रित करता है। हमें अपने भीतर उठते बैठते रावण पर भी विजय पानी होगी। ऐसा न करना आत्मघात होगा। भारतवासियों को वेद में अमृत पुत्र कहा गया है। आज इस अमृतत्व की रक्षा का संकल्प लेना ही श्रीराम के स्मरण को सार्थक बनाएगा।

देशांतर



प्रो. अंशु जोशी

# बेहतर भविष्य को कटिबद्ध आसियान देश

पश्चिम एशियाई क्षेत्र में बढ़ते युद्ध के बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी के लिए शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वैश्विक नेताओं के साथ चर्चा की अपनी इच्छा व्यक्त की। वे इस सप्ताह भारत-आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन) और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के उद्देश्य से लाओस की दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे। लाओस पीडीआर की उनकी यात्रा प्रधानमंत्री सोनेक्सय के निमंत्रण पर हो रही है। सिफंडोन, लाओस वर्तमान में आसियान के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहा है, जो पूर्वी और दक्षिण पूर्व एशिया के देशों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। आसियान के सदस्य देशों में इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, भारत, वियतनाम, लाओस, कंबोडिया और ब्रुनेई दारुस्सलाम शामिल हैं। पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन, जिसमें दस आसियान देशों के साथ-साथ आठ भागीदार देश शामिल हैं, अर्थात् ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, जापान, दक्षिण कोरिया, न्यूजीलैंड, रूस और अमेरिका, भारत-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करने की उम्मीद है, जैसा कि भारतीय प्रधानमंत्री ने उजागर किया है।

बहुपक्षीय मंच विभिन्न देशों के नेताओं को विभिन्न द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर मिलने और काम करने के लिए एक अच्छा माहौल प्रदान करते हैं। ये मंच वैश्विक शांति और सुरक्षा, सतत विकास और जलवायु परिवर्तन नियंत्रण को बढ़ावा देने जैसे विभिन्न वैश्विक उद्देश्यों को भी उठाते हैं। भारत क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सहयोगी प्रयासों के महत्व को समझता है और इसलिए यह इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की स्थिरता और तटस्थता सुनिश्चित करने के लिए पूर्वी एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के साथ अपने संबंधों को भी मजबूत कर रहा है।

आसियान शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री ने भारत-आसियान संबंधों के महत्व, भारत की एक्ट ईस्ट नीति की 10 वीं वर्षगांठ और सदस्य देशों की बहुआयामी प्रगति सुनिश्चित करने के लिए पिछले वर्ष प्रस्तावित 12 महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में बात की। उन्होंने इस वर्ष आसियान के प्रमुख उद्देश्यों, कनेक्टिविटी और लचीलेपन को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। भारतीय प्रधानमंत्री ने शिखर सम्मेलनों के दौरान आसियान नेताओं के साथ द्विपक्षीय चर्चा भी की। इसके अलावा, मोदी की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पहलू इस वर्ष एक्ट ईस्ट नीति की दसवीं वर्षगांठ का स्मरणोत्सव है। एक्ट ईस्ट नीति से प्रेरणा लेते हुए उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन भारत-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।

आसियान के साथ भारत की औपचारिक भागीदारी 1992 में शुरू हुई जब इसे क्षेत्रीय वार्ता भागीदार के रूप में नामित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से सचिव स्तर पर बातचीत शामिल थी। यह संबंध समय के साथ विकसित हुआ, भारत ने 1995 में वार्ता भागीदार का दर्जा प्राप्त किया, जिससे विदेश मंत्रियों के स्तर पर चर्चा की अनुमति मिली। 2002 में साझेदारी को शिखर सम्मेलन स्तर तक बढ़ाया गया, जो सहयोग के लिए गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह भागीदारी तीन प्राथमिक उद्देश्यों द्वारा निर्देशित है- विभिन्न आयामों में संपर्क बढ़ाना, आसियान संगठन को मजबूत करना और समुद्री मामलों में सहयोग का विस्तार करना। वर्ष 2022 में आसियान-भारत संबंधों के तीन दशक पूरे हुए, जिसके कारण कई उत्सवी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें विशेष आसियान-भारत विदेश मंत्रियों की बैठक, आसियान अंतर-संसदीय सभा प्रतिनिधिमंडल का भारत दौरा तथा अक्षय ऊर्जा, स्टार्ट-अप और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर केंद्रित विभिन्न सम्मेलन और उत्सव शामिल हैं। आसियान -भारत विश्वविद्यालयों के नेटवर्क का उद्घाटन और आसियान-भारत संगीत महोत्सव जैसी उल्लेखनीय पहल भी समारोह का हिस्सा थीं। ये गतिविधियां भारत और आसियान के बीच विश्वास और सहयोग पर आधारित रणनीतिक साझेदारी के लिए एक नई प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

भारत और आसियान के बीच बेहतर संपर्क एक सुरक्षित, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने में सहायक है, साथ ही एक स्वतंत्र और स्वतंत्र हिंद महासागर क्षेत्र को भी बढ़ावा देता इसके अलावा, आसियान देशों और भारत के बीच भूमि, वायु और समुद्र के पार बेहतर संपर्क सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के अलावा पर्यटन, व्यापार और निवेश को भी काफी सुविधाजनक बना सकता है। भारत और आसियान के बीच साझा सांस्कृतिक विरासत को देखते हुए, लोगों के बीच आपसी संपर्क को बढ़ावा देने को प्राथमिकता देना उनकी मौजूदा साझेदारी को आगे बढ़ाने का एक प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य के मद्देनजर, आसियान और भारत दोनों ही कई चुनौतियों और अवसरों का सामना कर रहे हैं, जिनका लाभ आपसी विकास और वृद्धि के लिए उठाया जा सकता है। उनके सहयोगी प्रयासों को आगे बढ़ाने और विस्तार देने की संभावनाएं काफी हैं, जो एक अधिक एकीकृत और समृद्ध भविष्य का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

**(लेखिका जेएनयू में प्राध्यापक हैं)**

आज रा.स्व.संघ स्थापना दिवस



लोकेन्द्र सिंह

# संघ और राष्ट्रनिष्ठा बीज व माटी के मानिंद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस दशहरे (12 अक्टूबर, 2024) पर अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। महान स्वतंत्रता सेनानी डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने वर्ष 1925 में जो बीज बोया था, आज वह वटवृक्ष बन गया है। उसकी अनेक शाखाएं समाज में सब दूर फैली हुई हैं। संघ लगातार दसों दिशाओं में बढ़ रहा है। 100 वर्ष की अपनी यात्रा में संघ ने समाज जीवन के विविध क्षेत्रों में राष्ट्रीय भाव का जागरण किया है, जिसमें राजनीतिक क्षेत्र भी शामिल है। हालांकि, आरएसएस विशुद्ध सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठन है। इसके बाद भी संघ के संबंध में कहा जाता है कि भारतीय राजनीति में उसका गहरा प्रभाव है। जब 'संघ और राजनीति' की बात निकलती है तो बहुत दूर तक नहीं जाती। दरअसल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को निकटता से नहीं जानने वाले लोग इस विषय पर भ्रम फैलाने का काम करते हैं। राजनीति का जिक्र होने पर संघ के साथ भारतीय जनता पार्टी को नत्थी कर दिया जाता है। भाजपा, संघ परिवार का हिस्सा है, इस बात से किसी को इनकार नहीं है। लेकिन, भाजपा के कंधे पर सवार होकर संघ राजनीति करता है, यह धारणा बिल्कुल गलत है। देश के उत्थान के लिए संघ का अपना एजेंडा है, सिद्धांत हैं, जब राजनीति उससे भटकती है तब संघ समाज से प्राप्त अपने प्रभाव का उपयोग करता है। सरकार चाहे किसी की भी हो। यानी संघ समाज शक्ति के आधार पर राजसत्ता को संयमित करने का प्रयास करता है। अचम्भित करने वाली बात यह है कि कई विद्वान संघ के विराट स्वरूप की अनदेखी करते हुए मात्र यह साबित करने का प्रयास करते हैं कि भाजपा ही संघ है और संघ ही भाजपा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 1925 से 1948 तक राजनीतिक क्षेत्र में काम करने के विषय में सोचा भी नहीं था। राजनीति, संघ की प्राथमिकता



में आज भी नहीं है। संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार से जब किसी ने पूछा कि संघ क्या करेगा? तब डॉक्टर साहब ने उत्तर दिया- 'संघ व्यक्ति निर्माण करेगा'। अर्थात् संघ समाज के प्रत्येक क्षेत्र में कार्य करने के लिए ऐसे नागरिकों का निर्माण करेगा, जो अनुशासित, संस्कारित और देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत हों। महात्मा गांधी की हत्या के बाद जब संघ को कुचलने के लिए राजनीति का निर्लज्ज उपयोग किया गया, तब पहली बार यह विचार ध्यान में आया कि संसद में संघ का पक्ष रखने वाला कोई राजनीतिक दल भी होना चाहिए। क्योंकि स्वयंसेवकों को बार-बार यह बात कचोट रही थी कि गांधीजी की हत्या के झूठे आरोप लगाकर विरोधियों ने सत्ता की ताकत से जिस प्रकार संघ को कुचलने का प्रयास किया है, भविष्य में इस तरह फिर से संघ को परेशान किया जा सकता है। राजनीतिक प्रताड़ना के बाद ही इस बहस ने जन्म लिया कि संघ को राजनीति में हस्तक्षेप करना चाहिए। विचार-मन्थन शुरू हुआ कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वयं को राजनीतिक दल में बदल ले यानी राजनीतिक दल बन जाए या राजनीति से पूरी तरह दूर रहे या किसी राजनीतिक दल को सहयोग करे या फिर नया राजनीतिक दल बनाए। स्वयं को राजनीतिक दल में परिवर्तित करने पर संघ का विराट लक्ष्य कहीं छूट जाता। उस समय कोई ऐसा राजनीतिक दल नहीं था, जो संघ की विचारधारा के अनुकूल हो। इसलिए किसी दल को सहयोग करने का विचार भी संघ को त्यागना पड़ा। इसी बीच, कांग्रेस की गलत नीतियों से मर्माहत होकर 8 अप्रैल, 1950 को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल से इस्तीफा देने वाले डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी संघ के सरसंघचालक श्रीगुरुजी के पास सलाह-मशविरा करने के लिए आए थे। वे नया राजनीतिक दल बनाने के लिए प्रयास कर रहे थे। श्रीगुरुजी से संघ के कुछ कार्यकर्ता लेकर डॉ. मुखर्जी ने अक्टूबर, 1951 में जनसंघ की स्थापना की। वर्ष 1952 के आम चुनाव में जनसंघ ने एक नए राजनीतिक दल के रूप में भाग लिया। राजनीति समाज के प्रत्येक अंग को प्रभावित करती है। संघ इसी समाज का सबसे बड़ा सांस्कृतिक संगठन है। इसलिए संघ और राजनीति का संबंध स्वाभाविक भी है। 'संघ और राजनीति' पुस्तक के लेखक एवं राज्यसभा सांसद प्रो. राकेश सिन्हा कहते हैं- 'सांस्कृतिक संगठन का तात्पर्य झाल-मंजीरा बजाने वाला संगठन न होकर राष्ट्रवाद को जीवंत रखने वाला आंदोलन है। इसीलिए आवश्यकतानुसार संघ राजनीति में हस्तक्षेप करता है, जो आवश्यक और अपेक्षित दोनों है'। हम समझ सकते हैं कि संघ राजनीति का उपयोग इतना भर ही करता है कि उसके मार्ग में बेवजह अड़चन खड़ी न की जाएं। मिथ्या आरोप संघ पर न लगाए जाएं। संघ के पास राजनीतिक शक्ति नहीं है, यह सोचकर कोई उसके वैचारिक आग्रह की अनदेखी न कर सके। एक बात स्पष्टतौर पर समझ लेनी चाहिए कि संघ सीधे चुनाव में भाग नहीं लेता है और भविष्य में भी नहीं लेगा। संघ का राजनीति में प्रभाव अपनी उस ताकत से है, जो अपने 100 वर्ष के कार्यकाल में जनता के भरोसे से हासिल हुई है। देश के खिलाफ कोई ताकत खड़ी होने का प्रयास करती है तब सम्पूर्ण समाज संघ की ओर उम्मीद से देखता है। संकट के समय में भी संघ से ही मदद की अपेक्षा समाज करता है।

**(लेखक स्तंभकार, पत्रकार एवं मीडिया शिक्षक हैं।)**

हरियाणा में भाजपा ने रणनीति से पांसा पलटा



केके उपाध्याय

# जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की ध्वजा लहराई

चुनावी पंडित धरे गए। एक्जिट पोल फिर ढोल की पोल ही साबित हुए। सारे मिथक टूट गए। राजनीति का गणित फेल हो गया। भाजपा की केमेस्ट्री हरियाणा में जीत गई। यह केमेस्ट्री थी -जाट वर्सेज नान जाट की। जाटों के गढ़ में भी सेंधमारी हुई। जाटलैंड में 9 सीट जीतकर इतिहास रच दिया। हरियाणा के 57 सालों में यह इतिहास रचा है। पहली बार कोई पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। एक इतिहास और रचा है जम्मू-कश्मीर में। यहां धारा 370 हटने के बाद पहली बार चुनाव हुए। यह चुनाव इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि यहां की जनता ने भरपूर वोट डाले। यहां नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार बनाने जा रही है। यहां लोकतंत्र जीता है। तिरंगा जीता है। देश जीता है। एक दिन में दो-दो इतिहास बने हैं। पहले बात हरियाणा की। एक बार फिर इन चुनावों ने यह साबित किया कि चुनाव में सारे राजनीतिक पंडितों के आकलन फेल हो गए। जमीनी हकीकत को कोई भांप नहीं पाया। राहुल गांधी बांटने की बात करते रहे। उधर नान जाट जातियां एक हो गई। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने जोखिम उठाया नायबसिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाने का । इससे सत्ता के खिलाफ चल रही विरोध की लहर थम सी गई। यह न कोई जान सका। न भांप सका। अग्निवीर का मुद्दा फुस्स हो गया। कांग्रेस सिर्फ जाटों के भरोसे रही। बाकी जातियों की उपेक्षा कांग्रेस को भारी पड़ी। चुनाव से पहले कांग्रेस की बड़ी दलित महिला नेता का लगातार अपमान होता रहा । दलितों ने कांग्रेस को छिटक दिया। यह आसान नहीं था। चुनाव से पहले तक कोई यह नहीं मान कर चल रहा था कि यहां भाजपा फिर सरकार बनाएगी। आइए देखें वो कौन से फैसले थे जिसने चुनाव की दशा भी बदली दिशा भी बदली। 2019 में भाजपा ने 40 सीटें जीती थी। 2024 में इनमें से 27 सीटें फिर जीत ली। इसके अलावा 22 नई सीटें जीत लीं। दूसरी ओर कांग्रेस ने 19 नई सीटें तो जीतीं परंतु 50 प्रतिशत पुरानी सीटें गवां दीं। इस समीकरण से कांग्रेस की नई सीटों की जीत का कोई फायदा नहीं हुआ। भाजपा ने टिकट वितरण में नफे नुकसान का आकलन करके टिकट बांटें। 30 टिकट बदल दिए। इनमें से 22 प्रत्याशी चुनाव जीत गए। भाजपा का यह फार्मूला काम कर गया। खट्टर की जगह सैनी को मुख्यमंत्री बनाने का दांव भी कामयाब रहा। चुनाव से ठीक 6 महीने पहले मनोहरलाल खट्टर को हटाकर नायबसिंह सैनी को सीएम बनाया गया। हरियाणा में लगभग 44 प्रतिशत आबादी ओबीसी ( पिछड़ा) है। यह दांव काम कर गया। नान जाट सभी जातियां एक हो गईं। जिसका परिणाम साफ दिख रहा है। पार्टी को यह महसूस हुआ कि किसान आंदोलन,महिला पहलवानों के विरोध के कारण मनोहरलाल खट्टर के खिलाफ जबर्दस्त नाराजगी है। खट्टर को चुनावी रैलियों से दूर रखा गया। भाजपा के मुद्दे लोगों के गले उतरते चले गए। भाजपा का हर नेता दबंग,दलाल और खर्ची पर्ची का जिक्र अपने भाषण में करता था। राहुल गांधी का जलेबी की फैक्ट्री का खूब मजाक बना। आज भाजपा देशभर में जलेबियां बंटवा रही है। जलेबी खा रही है। आखिर हो भी क्यों न हार को जीत में बदलने का हुनर भाजपा के पास है। भाजपा यह चुनाव जीती है अपनी रणनीति से । चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने हरियाणा के हर जिले को छान दिया था। बूथ लेबल पर वोट बढाने की रणनीति पर काम किया। बूथ पर मेन टू मेन मार्किंग की गई। हर घर हर वोट पर नजर थी। नए वोटर बनाए। नए सदस्य बनाए। जाति के जाल में खुद नहीं उलझी। कांग्रेस को उलझा दिया। कांग्रेस जाटों पर फोकस रही। भाजपा ने जाटों में भी सेंधमारी की। दलितों में भी। यह फार्मूला काम कर गया। कांग्रेस ने भूपेन्द्रसिंह हुड्डा के हाथ में ही कमान रखी। कुमारी शैलजा चुनाव में बहुत कम नजर आई। राहुल गांधी को दोनों को एक करने के लिए आना पड़ा। तब तक देर हो चुकी थी। दलितों में यह संदेश गया कि उनकी नेता का अपमान हुआ है। वहीं कांग्रेस के एक और बड़े नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला भी अपने क्षेत्र तक ही सीमित रहे। भाजपा में गुटबाजी कम नजर आई। सीएम फेस को लेकर भाजपा में कोई चिक चिक नहीं थी। कांग्रेस सिर्फ जाटों के भरोसे मैदान में थी। कांग्रेस ने कुल 89 टिकट दिए थे। इनमें 28 जाट समुदाय के लोगों को दिए। भाजपा ने केवल 16 उम्मीदवार ही जाट उतारे। भाजपा ने जाट बाहुल्य सीटों पर ही जाटों को महत्व दिया। जिन सीटों पर गुर्जर, सैनी, कश्यप, यादव जैसी अन्य ओबीसी जातियों के वोट अच्छी खासी संख्या में थे वहां उन्हें ही महत्व मिला। कांग्रेस ने पूरी कमान भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के हाथ में रखी। 72 उम्मीदवार भूपेन्द्र हुड्डा की पसंद के थे। भाजपा ने नायब सिंह सैनी को ही प्रमोट किया, जो खुद सैनी समाज से है। जम्मू - कश्मीर में पहली बार एक निशान। एक विधान पर चुनाव हुआ है। डल झील श्रीनगर में अठखेलियां कर रही हैं। शिकारों पर मौज मस्ती का आलम है। व्यापार चल निकला है। पत्थर बाजों के हाथ में कलम है। रोजगार है। बिजनेस है। श्री नगर के लाल चौक पर तिरंगा शान से लहरा रहा है। पहली बार लोगों ने खुलकर वोट डाला है। यहां चुनाव आतंक के साये में नहीं हुए। लोगों ने अपना फैसला अपनी मर्जी से लिखा है। यहां नेशनल कांफ्रेंस चुनाव जीती है। भाजपा ने यहां भी 29 सीटें जीतीं है। अलगाववादी पीडीपी को जनता ने सबक सिखाया है। यहां जीत किसी पार्टी की नहीं लोकतंत्र की हुई है।

**(लेखक स्तंभकार हैं)**

## सार संक्षेप

### यूपी बना केडी सिंह हॉकी का विजेता

**लखनऊ** : आक्रामक और तालमेल भरी हॉकी की बदौलत उत्तर प्रदेश एकादश ने शनिवार को 42वीं केडी सिंह अखिल भारतीय आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता में सीएजी को रोमांचक मुकाबले में 4-3 से हरा कर खिताब पर कब्जा कर लिया। तीस साल के बाद यह पहला मौका है जब मेजबान टीम ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विजय का परचम लहराया है। विजेता टीम को ट्रॉफी और दो लाख रुपये की ईनामी राशि से अलंकृत किया गया। यूपी की ओर से आशु मौर्य ने पेनल्टी कार्नर के जरिये दो शानदार गोल किया जबकि राहुल राजभर और अजीत यादव ने एक एक गोल किया वहीं सीएजी के लिये मनीष यादव ने दो और आमिद खान पठान ने एक गोल किया। मैच के नौवें मिनट में मनीष यादव ने पेनल्टी कार्नर के जरिये पहला गोल कर सीएजी को बढ़त दिलाई। यूपी ने पलटवार करते हुए 12वें मिनट में पेनल्टी कार्नर हासिल किया और आशु मौर्य ने इस अवसर को गोल में तब्दील कर अपनी टीम को बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। मैच के 20वें मिनट में आमिद पठान ने शानदार यूपी की रक्षा पंक्ति को छकाते हुए शानदार फील्ड गोल कर सीएजी को एक बार फिर बढ़त दिला दी।

### जुयाल की कप्तानी पारी, यूपी तीन विकेट पर 198 रन

**लखनऊ** : कप्तान आर्यन जुयाल (90 नाबाद) और स्वास्तिक चिकारा (41) की ठोस शुरुआत की बदौलत उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को बंगाल की पहली पारी के 311 रन के जवाब में अपनी पहली पारी में तीन विकेट खोकर 198 रन बना लिए। इकाना स्टेडियम पर दिन का खेल खत्म होने के समय जुयाल आठ चौकों की मदद से 90 रन और सिद्धार्थ यादव 20 रन बना कर क्रीज पर डटे थे। मेजबान टीम अभी भी बंगाल की पहली पारी के स्कोर से 113 रन पीछे है जबकि उसके सात बल्लेबाज आउट होने बाकी हैं। जुयाल ने सूझबूझ भरे अंदाज से पारी की शुरुआत की और बंगाल के गेंदबाजों की विकेट की तलाश को 26 ओवर तक पूरी नहीं होने दिया। चिकारा के साथ उन्होने पहले विकेट के लिए 83 रन जोड़े। चिकारा पारी के 27वें ओवर में शाहबाज अहमद का शिकार बने। दो ओवर बाद ही उत्तर प्रदेश को एक और झटका प्रियम गर्ग (2) के रुप में लगा, उन्हे मोहम्मद कैफ ने पगबाधा आउट किया। लगातार दो झटकों के बावजूद एक छोर पर टिके जुयाल ने अपना संयम नहीं खोया और नीतिश राणा (32) के साथ 69 रन की साझीदारी कर कप्तान के तौर पर अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन किया। शाहबाज ने चिकारा की तरह राणा को भी पगबाधा आउट कर अपना दूसरा शिकार बनाया। इससे पहले बंगाल ने अपने शुक्रवार के स्कोर सात विकेट पर 269 रन से आगे खेलना शुरु किया। शाहबाज अहमद (44) यूपी के अनुभवी यश दयाल का पहला शिकार बने जबकि सूरज (15) को यश ने क्लीन बोल्ड आउट किया। कैफ (7) के तौर पर बंगाल की पहली पारी का आखिरी विकेट गिरा और वो भी यश दयाल के खाते में गया।

### यूपी के शिवम मिश्रा अखिलेश दास मेमोरियल बैडमिंटन के तीसरे दौर में

**लखनऊ** : उत्तर प्रदेश के शिवम मिश्रा ने शनिवार को योनेक्स सनराईज डा. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैकिंग बैड़मिंटन टूर्नामेंट 2024 के क्वार्टर फाइनल राउंड के तीसरे दौर में प्रवेश किया। पहले दिन क्वालीफाइंग दौर की प्रतियोगिताएं प्रारम्भ हुई जिसका उद्घाटन प्रसार भारती के चेयरमैन और यूपी बैडमिंटन एसोसियेशन के अध्यक्ष डा नवनीत सहगल ने किया। उन्होने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं सभी को शुभकामनाएं प्रदान की। यह प्रतियोगिता 12 से 19 अक्टूबर तक खेली जाएगी। यह प्रतियोगिता गोमती नगर स्थित बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में, मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम-विनय खंड, गोमती नगर व मिनी स्टेडियम-विजयंत खंड, गोमती नगर तथा केडी सिंह बाबू स्टेडियम-परिवर्तन चौक, हजरतगंज में आयोजित की जा रही है।

### पेरु ने उरुग्वे को एकमात्र गोल से हराया

**लीमा (पेरु)** : पेरु ने उरूग्वे को एकमात्र गोल से हराकर विश्व कप फुटबॉल दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग दौर में पहली जीत दर्ज की। पेरू के लिए एकमात्र गोल मिगुल अराउजो ने 88वें मिनट में हेडर पर किया। क्वालीफाइंग दौर में आठ मैचों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी। पेरु की टीम ने 2017 के बाद पहली बार क्वालीफायर में उरूग्वे को हराया है। अब पेरू नीचे से एक स्थान ऊपर आ गया है जबकि चिली आखिरी स्थान पर है। उरुग्वे तीसरे स्थान पर है जबकि अर्जेंटीना शीर्ष पर और कोलंबिया दूसरे स्थान पर है। शीर्ष छह टीमें 2026 में उत्तरी अमेरिका और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में खेलेंगी।

# भारतीय महिला के सामने ऑस्ट्रेलिया की चुनौती

● शारजाह,वार्ता




भारत आज यहां महिला टी-20 विश्व कप मैच में शीर्ष रैंकिंग वाली टीम ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर काबिज भारत इस मुकाबले में गत चैंपियन के खिलाफ अपने हालिया प्रदर्शन से मिले नए आत्मविश्वास के साथ उतर रहा है। इस साल की शुरुआत में, भारत ने टी-20 श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया का सामना किया और शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया को सिर्फ 141 रनों पर आउट करके अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया। लक्ष्य का पीछा सलामी बल्लेबाजों स्मृति मंधाना और शैफाली वर्मा के अर्धशतकों से किया गया, दोनों ने इस शानदार खेल से पहले असाधारण फॉर्म का प्रदर्शन किया। श्रीलंका पर उनकी हालिया जीत ने टीम के मनोबल को और बढ़ा दिया है, जिससे एक रोमांचक मुकाबले के लिए मंच तैयार हो गया है। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उनकी टीम चुनौती के लिए तैयार है, उन्होंने कहा कि हमें निश्चित रूप से सबसे पहले अच्छी क्रिकेट खेलनी होगी। वे एक अच्छी टीम हैं, लेकिन साथ ही, हमारे गेंदबाजों को अच्छी लय में देखना अच्छा है। जब भी हमें जरूरत होती है गेंदबाज हमें सफलता दिलाती है। हरफनमौला ताहलिया मैकग्राथ ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम के पास गहराई है।

# भारत ने किया क्लीन स्वीप

## हैदराबाद में संजू-सूर्या का तूफान, बांग्लादेश को 133 रनों से रौंदा

**संजू सैमसन ने 111, सूर्य ने बनाए 75 रन, भारत ने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम की**




**हैदराबाद, वार्ता** : भारत ने बांग्लादेश को तीसरे टी-20 में 133 रनों से हरा दिया। हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में भारत ने शनिवार को पहले खेलते हुए 6 विकेट खोकर 297 रन बनाए थे। यह भारत का सबसे बड़ा टी-20 स्कोर रहा। बांग्लादेश 20 ओवर खेलकर 7 विकेट के नुकसान पर 164 रन ही बना सका। भारत से संजू सैमसन ने 40 गेंद पर सेंचुरी लगाई, वह 111 रन बनाकर आउट हुए। सूर्यकुमार यादव ने 75, हार्दिक पंड्या ने 47 और रियान पराग ने 34 रन बनाए। रवि बिश्नोई ने 3 विकेट लिए। बांग्लादेश ने तौहिद हृदॉय ने 63 रन बनाए। वहीं तेज गेंदबाज तंजिम हसन साकिब ने 3 विकेट लिए। तीसरा टी-20 जीतकर भारत ने 3 मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली। इससे पहले हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश के बीच तीसरे टी-20 मुकाबले से पहले हल्की बरसात ने उमस में इजाफा किया था मगर बाद में संजू सैमसन (111) और सूर्य कुमार यादव (75) के बल्ले से रनों की ऐसी बरसात हुई जिससे स्टेडियम में बैठे हजारों दर्शक भावनाओं के ज्वार में गोते लगाने लगे। संजू सैमसन और सूर्य कुमार यादव के बाद भी भारतीयों के आक्रामक अंदाज में तनिक भी कमी नजर नहीं आई और हार्दिक पांड्या (47) और रियान पराग (34) ने भी बांग्लादेशी गेंदबाजों की बेरहमी से पिटाई की जिसकी बदौलत भारत ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट खोकर 297 रन का स्कोर खड़ा किया। संजू सैमसन का आक्रामक अंदाज कोच गौतम गंभीर,कप्तान सूर्यकुमार यादव समेत हर खिलाड़ी और दर्शक को खूब पसंद आया। संजू का बल्ला आज आग उगल रहा था। उन्होने पारी के दसवें ओवर में दिलशाद हुसैन को अपना निशाना बनाया और एक के बाद एक पांच छक्के जड़ कर स्टेडियम में जोश भर दिया। दूसरे छोर पर कप्तान सूर्य कुमार यादव अपने चिरपरिचित अंदाज में बांग्लादेशी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में लगे थे। इस बीच संजू ने अपने करियर का पहला शतक मात्र 40 गेंदों पर पूरा किया। इसके साथ ही वह भारत की ओर से सबसे तेज टी-20 शतक लगाने वाले दूसरे शूरवीर बने। इससे पहले रोहित शर्मा ने वर्ष 2017 में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंदों में शतक लगाया था। माथे पर पसीने की अगिनत बूंदे समेटे संजू शतक लगाने के बाद आत्मविश्वास से परिपूर्ण नजर आ रहे थे। कप्तान सूर्या ने आगे बढ़कर अपने साथी बल्लेबाज से गले लग कर उनका हौसला बढ़ाया। उधर, बांग्लादेश के अनुभवी मुस्तफिजुर रहमान ने गति में चतुराई से परिवर्तन करते हुए संजू को गेंद दी जिसे पुल करने के प्रयास में वह डीप स्कावयर लेग पर खड़े खिलाड़ी को कैच थमा बैठे। संजू के आउट होने के बाद सूर्या का भी आत्मविश्वास डगमगाया और वह अगले ही ओवर में महमुदल्लाह का शिकार बन पैवलियन लौट गये। संजू और सूर्या के बीच दूसरे विकेट के लिए 173 रन की तेज भागीदारी हुयी। सूर्या के 75 रन मात्र 35 गेंदों पर आए जिसमें उनके आठ चौके और पांच छक्के शामिल थे वहीं संजू ने अपनी शतकीय पारी के दौरान 11 चौके और आठ छक्के जड़े। दोनों खिलाड़ियों के आउट होने के बावजूद भारतीयों की आक्रामकता पर कोई खास असर नहीं पड़ा। रियान पराग ने मात्र 13 गेंदों में चार छक्कों की मदद से 34 रन की पारी खेली तो दूसरे छोर पर हार्दिक पांड्या 18 गेंदों की संक्षिप्त पारी में चार चौके और इतने ही छक्के की सहायता से 47 रन बनाकर विदा हुए। आज के मैच में नीतिश कुमार रेड्डी (0) और अभिषेक शर्मा (4) का बल्ला नहीं चला। बांग्लादेश की ओर से तनजीम हसन साकिब ने 66 रन देकर तीन भारतीय बल्लेबाजों के विकेट गिराए जबकि तस्कीन अहमद, महमुदल्लाह और मुस्तफिकुर रहमान को एक-एक विकेट मिला।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| संजू का महेदी बो मुस्तफिजुर | 111 | 47 | 11 | 8 |
| अभिषेक का महेदी बो तंजीम | 04 | 4 | 1 | 0 |
| सूर्या का रिशाद बो महमूदुल्लाह | 75 | 35 | 8 | 5 |
| रियान का लिटन बो तस्कीन | 34 | 13 | 1 | 4 |
| हार्दिक का रिशाद बो तंजीम | 47 | 18 | 4 | 4 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 08 | 4 | 0 | 1 |
| नितीश का महेदी बो तंजीम | 00 | 1 | 0 | 0 |
| वॉशिंगटन सुंदर नाबाद | 01 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 17 रन

कुल : 20 ओवर में छह विकेट पर 297 रन

विकेट पतन: 1-23 (अभिषेक शर्मा, 2.1 ओवर), 2-196 (संजू सैमसन, 13.4 ओवर), 3-206 (सूर्यकुमार यादव, 14.3 ओवर), 4-276 (रियान पराग, 18.4 ओवर), 5-289 (हार्दिक पंड्या, 19.3 ओवर), 6-289 (नीतीश कुमार रेड्डी, 19.4 ओवर)

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| महेदी हसन | 4 | 0 | 45 | 0 |
| तस्कीन अहमद | 4 | 0 | 51 | 1 |
| तंजीम हसन साकिब | 4 | 0 | 66 | 3 |
| मुस्तफिजुर रहमान | 4 | 0 | 52 | 1 |
| रिशद हुसैन | 2 | 0 | 46 | 0 |
| महमूदुल्लाह | 2 | 0 | 26 | 1 |

| बांग्लादेश | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| परवेज का पराग बो यादव | 00 | 1 | 0 | 0 |
| तंजीद का वरुण बो वाशिंगटन | 15 | 12 | 3 | 0 |
| नजमुल का सैमसन बो रवि | 14 | 11 | 1 | 1 |
| लिटन का सब (तिलक) बो रवि | 42 | 25 | 8 | 0 |
| तौहीद नाबाद | 63 | 42 | 5 | 3 |
| महमूदुल्लाह का पराग बो यादव | 08 | 9 | 1 | 0 |
| महेदी हसन का पराग बो नीतीश | 03 | 9 | 0 | 0 |
| रिशद का अभिषेक बो रवि | 00 | 4 | 0 | 0 |
| तंजीम हसन साकिब नाबाद | 08 | 8 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 11 रन

कुल : 20 ओवर में सात विकेट पर 164 रन

विकेट पतन: 1-0 (परवेज हुसैन इमोन, 0.1 ओवर), 2-35 (तंजीद हसन, 3.1 ओवर), 3-59 (नजमुल हुसैन शान्तो, 5.2 ओवर), 4-112 (लिटन दास, 11.4 ओवर), 5-130 (महमुदुल्लाह, 14.2 ओवर), 6-138 (महेदी हसन, 16.3 ओवर), 7-139 (रिशद हुसैन, 17.2 ओवर)

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| मयंक यादव | 4 | 0 | 32 | 2 |
| हार्दिक पंड्या | 3 | 0 | 32 | 0 |
| वॉशिंगटन सुंदर | 1 | 0 | 4 | 1 |
| नितीश | 3 | 0 | 31 | 1 |
| रवि बिश्नोई | 4 | 1 | 30 | 3 |
| वरुण चक्रवर्ती | 4 | 0 | 23 | 0 |
| अभिषेक शर्मा | 1 | 0 | 8 | 0 |

# एशियाई टीटी चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची मनिका बत्रा

● अस्ताना (कजाकिस्तान), वार्ता



**पूर्व** राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन मनिका बत्रा ने यहां एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2024 में महिला एकल स्पर्धा के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी ने भी महिला युगल में क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। हालांकि अनुभवी शरत कमल सहित बाकी भारतीय टेबल टेनिस दल आगे बढ़ने में असमर्थ रहे। टेबल टेनिस रैंकिंग में 29वें स्थान पर काबिज मनिका बत्रा ने चीनी ताइपे की दुनिया की 77वें नंबर की खिलाड़ी चेंग सीन-त्जु को 3-0 (11-7, 11-9, 11-8) से हराकर राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई। इससे पहले दिन में मनिका ने फिलीपींस की खेइथ क्रूज के खिलाफ एक करीबी मुकाबले में 3-1 (9-11, 11-6, 11-9, 14-12) से जीत हासिल की। विश्व में 26वें स्थान पर काबिज भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला एकल खिलाड़ी श्रीजा अकुला को विश्व चैंपियनशिप में टीम कांस्य पदक विजेता, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की कुआई मैन से 3-0 (11-9, 11-6, 11-8) से हार के बाद राउंड ऑफ 32 में बाहर होना पड़ा। दीया चितले और अयहिका मुखर्जी भी उसी राउंड में बाहर हो गईं। जबकि, महिला युगल में, अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी ने क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करके भारत की उम्मीदों को जीवित रखा। भारतीय जोड़ी ने कजाकिस्तान की जौरेश अकाशेवा और सरविनोज मिरकादिरोवा को 3-0 (11-4, 11-7, 11-8) से हराया। मानव ठक्कर, मानुष शाह और हरमीत देसाई पुरुष एकल के राउंड ऑफ 32 में पहुंच गए हैं। मानुष शाह ने कतर के अहमद कोरानी को 3-0 से हराया। हरमीत देसाई ने ब्रुनेई के रशीद को 3-1 से हराया जबकि मानव ठक्कर ने कोरिया के जो कुम ग्वांग को 3-2 से मात दी।

# न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को हराया

● शारजाह, वार्ता




**सलामी** बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर (53) के शानदार अर्धशतक एवं एमेलिया कर के नाबाद 34 रनों की बदौलत न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां खेले गए आईसीसी महिला विश्वकप के 15वें मैच श्रीलंका को आठ विकेट से हरा दिया।

श्रीलंका के 115 रनों के स्कोर के जवाब में न्यूजीलैंड ने दो विकेट पर 118 रन बनाकर मैच आठ विकेट से जीत लिया। न्यूजीलैंड की सलामी बल्लेबाजों सूजी बेट्स एवं जॉर्जिया प्लिमर ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 49 रनों की साझेदारी की। आठवें ओवर में सचिनी निसांसला ने सूजी बेट्स (17) को बोल्ड आउट कर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद प्लिमर एवं एमेलिया कर ने टीम के स्कोर को 95 रनों तक पहुंचा कर टीम की जीत तय कर दी। 15वें ओवर में श्रीलंका की कप्तान अट्टापट्टू ने प्लिमर को (53) पर आउट कर न्यूजीलैंड को दूसरा झटका दिया। बाद में एमेलिया कर नाबाद (34) एवं कप्तान सोफ्री डिवाइन (13) ने नाबाद रहते हुए टीम को आठ विकेट से जीत दिला दी। श्रीलंका की ओर से सचिनी निसांसला एवं चमरी अट्टापट्टू ने एक एक विकेट लिया। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका का पहला विकेट 26 रन के स्कोर पर ही गिर गया जब कार्सन ने सलामी बल्लेबाज विष्मी गुणारत्ने को बोल्ड आउट कर दिया। दूसरे विकेट के लिए कप्तान चमरी अट्टापट्टू और हर्षिता समारविक्रमा ने टीम का स्कोर 14वें ओवर में 74 रनों तक पहुंचा दिया। इसी ओवर में एमेलिया कर ने कप्तान चमरी (35) को बोल्ड कर श्रीलंका को दूसरा झटका दे दिया। स्कोर में दो रन और जुड़ते ही कैस्परेक ने हर्षिता (18) को हाथों कैच आउट करा न्यूजीलैंड को तीसरी सफलता दिला दी। इसके बाद कविशा दिलहारी (10) को कर ने पगबाधा आउट कर श्रीलंका का चौथा झटका दे दिया। श्रीलंका का पांचवा विकेट अनुष्का संजीवनी (05) के रुप में गिरा। अनुष्का को कैस्परेक ने डिवाइन के हाथों कैच आउट कराया। नीलाक्षी डिसिल्वा (14) एवं अमा कंचना (10) रन पर नाबाद रही। इस तरह श्रीलंका की टीम ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 115 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से ले कैस्परेक, एमेलिया कर ने दो-दो विकेट तथा ईडन कार्सन ने एक विकेट लिया।

# एचआईएल के लिए 550 सितारों पर लगेगा दांव

## प्रत्येक टीम के पास खिलाड़ियों को चुनने के लिए चार करोड़ रुपये का होगा पर्स

● नई दिल्ली, वार्ता




**राउरकेला** में इस साल के अंत में शुरु होने वाली हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के लिए आठ फ्रेंचाइजी टीमें आज यहां 400 घरेलू और 150 से अधिक विदेशी पुरुष खिलाड़ियों पर बोली लगाएंगी।

प्रत्येक टीम के पास खिलाड़ियों को चुनने के लिए चार करोड़ रुपये का पर्स होगा, जिन्हें अगले दो दिनों में तीन बेस प्राइस स्लैब के तहत दो लाख,पांच लाख और दस लाख रुपये में वर्गीकृत किया गया है। नीलामी में हरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह मनदीप सिंह, संजय, जुगराज सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, गुरजंत सिंह, अभिषेक, कृष्ण बी पाठक, सुमित, विवेक सागर प्रसाद,शमशेर सिंह, राज कुमार पाल, नीलकंठ शर्मा जैसे सितारे शामिल होंगे। इसके अलावा रूपिंदर पाल सिंह, बीरेंद्र लाकड़ा और धर्मवीर सिंह जैसे पूर्व भारतीय हॉकी दिग्गजों ने भी खुद को नीलामी के लिए शामिल किया है। वहीं आठ टीमें अंतर्राष्ट्रीय हॉकी आइकन आर्थर वान डोरेन, अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स, गोंजालो पेइलाट, जिप जानसेन, थिएरी ब्रिंकमैन, दयान कैसीम, टॉम विकम, जीन पॉल डैनबर्ग, पिरमिन ब्लैक, जोरिट क्रून, और मैट ग्रैम्बुश पर भी बोली लगाएंगी। दिल्ली की एसजी स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली टीम का नाम एसजी पाइपर्स रखा गया है। एसजी स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ महेश भूपति, हॉकी निदेशक पीआर श्रीजेश, मुख्य कोच ग्राहम रीड और सहायक कोच शिवेंद्र सिंह के साथ नीलामी में टीम का नेतृत्व करेंगे वहीं एम एंड सी प्रॉपर्टी डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली तमिलनाडु की टीम को तमिलनाडु ड्रैगन्स कहा जाएगा। नीलामी प्रक्रिया में इस टीम का प्रतिनिधित्व नेतृत्व सीएमडी जोस चार्ल्स मार्टिन, जोसेफ सेलवन, रीन वान ईजक और चार्ल्स डिक्सन करेंगे। कोलकाता की श्राची स्पोर्ट्स एंडेवर प्राइवेट लिमिटेड ने टीम का नाम श्राची रारह बंगाल टाइगर्स रखा है। नीलामी में श्राची स्पोर्ट्स एंडेवर प्राइवेट लिमिटेड के नीरज ठाकुर और सौरव सिकदर के साथ जगराज सिंह, रोमेश पठानिया, अभिषेक शर्मा, दीपक ठाकुर और एड्रियन डिसूजा भी होंगे। रेसोल्यूट स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली हैदराबाद तूफान का प्रतिनिधित्व आलोक सांघी, एमडी के साथ सिद्धांत गौतम, महाप्रबंधक और टीम निदेशक सिद्धार्थ पांडे, प्रमुख कोच पाशा गैडमैन, सहायक कोच एमिली काल्डेरन और संजय बीर होंगे। लखनऊ की यदु स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली यूपी रुद्राज के पॉल वान ऐस, थॉमस टिचेलमैन और ड्रिक डिसूजा कोचिंग सेट अप का हिस्सा होंगे। जेएसडब्लू के स्वामित्व वाली जेएसडब्लू स्पोर्ट्स के सीओओ दिव्यांशु सिंह, अर्जुन हलप्पा,जेरोन बार्ट, सरदार सिंह, माइकल कॉस्मा और श्रीनिवास मूर्ति शामिल होंगे। ओडिशा टीम का स्वामित्व वेदांता लिमिटेड के पास है। वेदांता लिमिटेड के सुनील गुप्ता और मानसी चौहान टीम में करियप्पा बी.जे., डेविड जॉन और डॉ. एबी सुब्बैया के साथ शामिल होंगे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने भी कहा कि आज सीटों की नीलामी के लिए सभी तैयारियां हो चुकी हैं। अगले कुछ दिनों में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों की नीलामी होने वाली है और मैं उन खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं जिन्होंने नीलामी के लिए अपना पंजीकरण कराया है। हमें उम्मीद है कि अगले तीन दिनों में कुछ मजबूत टीमें गठित हो जाएंगी। प्रत्येक टीम में 24 खिलाड़ी शामिल होंगे, जिनमें 16 भारतीय खिलाड़ी और आठ विदेशी खिलाड़ी शामिल होंगे।

# मुबंई को सस्ते में समेट बड़ौदा ने हासिल की बढ़त

● वडोदरा, वार्ता




**शानदार** बल्लेबाजी के बाद अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत बड़ौदा ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को मुबंई की पहली पारी को 214 रनों पर समेट कर 76 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। कोटाम्बी स्टेडियम पर दिन का खेल खत्म होने के समय बड़ौदा ने अपने अपनी दूसरी पर बगैर विकेट खोए नौ रन बना लिए थे और अब उसकी कुल लीड 85 रन की हो चुकी है। बड़ौदा ने अपनी पहली पारी में मितेश पटेल (88) एवं अतीत सेठ (66) के अर्धशतकों की बदौलत 290 रनों का स्कोर खड़ा किया था। इन दोनों खिलाड़ियों के अलावा राज लिंबानी ने 30, शाश्वत शर्मा ने 25 तथा कप्तान कृणाल पंड्या ने 18 रनों का योगदान दिया। मुंबई की ओर से तनुष कोटियान ने सर्वाधिक चार विकेट लिए जबकि शम्स मुलानी को तीन, शार्दुल ठाकुर को दो तथा मोहित अवस्थी को एक विकेट मिला। इसके जवाब में मुंबई की पहली 214 रनों पर समाप्त हो गई। मुबंई की ओर से सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने (52) अर्द्धशतक बनाया जबकि हार्दिक तामोरे ने 40 तथा कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 29 रनों का योगदान दिया। श्रेयस अय्यर शून्य पर आउट हुए। बड़ौदा की ओर से भार्गव भट्ट ने 21 ओवर में 53 रन देकर चार विकेट लिए तथा आकाश सिंह ने तीन , महेश पिठिया ने दो तथा कप्तान कृणाल पंड्या ने एक खिलाड़ी को आउट किया। खेल समाप्ति पर बड़ौदा ने अपनी दूसरी पारी में बिना कोई विकेट खोए नौ रन बना लिए थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)